आश्विन शुक्ल पक्ष-07, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 107 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

09 अक्टूबर 2024 बुधवार

आज का मौसम
32 अधिकतम
27 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

# हरियाणा-कश्मीर के बाद अब महाराष्ट्र और झारखंड की कठिन राहें...



प्रसंगवश
राजेश सिरोठिया

चुनाव पूर्व सर्वे और मतदान के बाद जारी एक्जिट पोल के अनुमान उलटते हुए भाजपा ने अपने बूते पर हरियाणा में जीत हासिल करने कामयाबी हासिल कर ली। लेकिन उसे न तो जम्मू क्षेत्र में माकूल नतीजे मिले और न घाटी में उसके 19 उम्मीदवारों में से एक भी नहीं जीत सका। भाजपा ने हरियाणा में मिली जीत को लेकर दिल्ली तक जमकर जश्न मनाया। लेकिन ये नतीजे भाजपा से आगामी महाराष्ट्र, झारखंड, दिल्ली और बिहार के विधानसभा चुनावों में सबक और सतर्कता की मांग कर रहे हैं। जीत के जश्न में डूबी भाजपा को हरियाणा के नतीजे आत्मविश्वास दिलाने वाले हैं, लेकिन अति विश्वास या विजय के अहंकार की इजाजत कतई नही देते।

मोदी सरकार ने 2019 के चुनावों के बाद जम्मू और कश्मीर में परिसीमन के साथ पाक अधिकृत कश्मीर को मिलाकर 114 सीटें हो गईं। हालांकि पीओके की 24 सीटों को छोड़कर 90 सीटों पर चुनाव कराए। भाजपा ने जम्मू रीजन की सभी 43 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे और कश्मीर घाटी में 47 में से सिर्फ 19 सीटों पर चुनाव लड़ा। आमतौर पर मुस्लिम प्रत्याशियों से परहेज करने वाली भाजपा ने 17 सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशियों को दांव पर लगाया। भाजपा की अपेक्षा थी कि जम्मू रीजन की 43 में से ज्यादातर सीटें( लगभग 40 ) जीतने के साथ कश्मीर घाटी में न सिर्फ खाता खोल लेगी बल्कि 5-7 सीटें जीत भी लेगी।



97 फीसदी मुस्लिम आबादी वाली कश्मीर की वादियों में भाजपा के कुछ फूल खिलाने की उम्मीद के चलते मोदी सरकार ने विकास की जमकर गंगा बहाई। केंद्र सरकार का कश्मीर प्रेम इस कदर बढ़ा कि हिंदू बहुल जम्मू इलाके के भाजपाई मतदाता और पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी ईर्ष्या होने लगी। दो क्षेत्रों के बीच विकास पर खर्च के बीच बढ़ी खाई के चलते ही कलह बढ़ी। प्रत्याशियों के चयन को लेकर खुलेआम बगावत के सुर फूटे। इसके चलते जम्मू रीजन में करीब आधा दर्जन से ज्यादा सीटें भाजपा के हाथ से निकल गई। कश्मीर घाटी ने उसे नकार दिया। नेशनल कांफ्रेस ने कांग्रेस से गठजोड़ करके अपनी सीटें 2014 के मुकाबले 15 से 42 कर लीं लेकिन कांग्रेस की छह सीट घटीं और वह 12 के बजाए 6 सीटें ही जीत सकी।

हरियाणा में भाजपा के खिलाफ चार बड़े फैक्टर थे। पहला मनोहरलाल खट्टर का आभाहीन नेतृत्व जिसके चलते 2014 में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने वाली भाजपा 2019 में 40 सीटों पर आकर दुष्यंत चौटाला की बैसाखियों पर सरकार बनाने को मजबूर हो गई। दुष्यंत चौटाला ने भाजपा की मजबूरी का जमकर दोहन किया। भ्रष्टाचार इस कदर हुआ कि उसके छींटों ने भाजपा के दामन को भी दागदार बना दिया। भाजपा पर तीसरी चोट दिल्ली की शंभू बार्डर पर लंबे चलते किसान आंदोलन के चलते हुई। आंदोलनकारी हरियाणा के किसानों में जाट समुदाय के 90 फीसदी लोग थे। 25 फीसदी से ज्यादा जाट मतदाताओं वाले हरियाणा में इस आंदोलन का नजला भाजपा पर गिरा। जलती आग में घी का काम भाजपा सांसद और कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने पहलवानों को जंतर मंतर पर धरना देने को मजबूर किया। उनके साथ बदसलूकी भी हुई और खिलाड़ियों के प्रति विशेष अनुराग दिखाने वाले नरेंद्र मोदी सरीखे प्रधानमंत्री होते हुए भी सरकार और भाजपा संगठन ने पहलवानों से संवाद करने के बजाए ब्रजभूषण सिंह को संरक्षण दिया।

जब हरियाणा का चुनाव सिर पर आया और भाजपा सरकार के खिलाफ बेहद प्रतिकूल हालात वाला फीडबैक मिला तब जाकर भाजपा संगठन चेता। उसने खट्टर की जगह ओबीसी कार्ड खेलते हुए मात्र 3 फीसदी आबादी वाले सैनी समाज के नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया। भाजपा के लिए एक सुखद खबर तब आई जब दुष्यंत चौटाला ने खुद भाजपा का साथ छोड़ दिया। यह भाजपा के लिए यह सुखद रहा। चौटाला से न सिर्फ भाजपा निजात मिली बल्कि विधानसभा चुनावों जनता ने भी जजपा से हरियाणा को मुक्त करा दिया। भाजपा ने जाट बनाम गैर जाट वाला दांव चला जो काफी हद तक कामयाब रहा। बची खुची कसर जाट वोटों के चौटाला बंधुओं के कब्जे से निकलकर काफी हद तक कांग्रेस और कुछ हद तक भाजपा के साथ आने से पूरी हो गई। जाटों की तरह जाटव समाज भी मायावती और चंद्रशेखर की दलित राजनीति के शिकंजे से बाहर निकलकर भाजपा और कांग्रेस के पाले में आ गए। सीटों के आंकड़े में बड़ा अंतर होने के बावजूद जश्न में डूबी भाजपा को यह नहीं भूलना चाहिए कि मत प्रतिशत में कांग्रेस मात्र एक फीसदी से भी कम ही पीछे है।

यानि कांग्रेस की चुनौती महाराष्ट्र में शिवसेना ( उद्धव ठाकरे ) और शरद पवार की अगुवाई वाली एनसीपी से भी मिलने वाली है। हालांकि मोदी से लेकर भाजपा के संगठन के काम दक्ष नेता इस बात को लेकर सतर्क और सजग दिखते हैं। हरियाणा,कश्मीर में मतदान होने के साथ ही मोदी महाराष्ट्र में चुनावी बिगुल बजा चुके हैं। जबकि मध्यप्रदेश के कद्दावर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित महाराष्ट्र के मिजाज से वाकिफ दूसरे राज्यों के कई नेताओं ने वहां पड़ाव डाल लिया है। लेकिन हरियाणा में यदि दुष्यंत चौटाला के साथ भाजपा के गठजोड़ की मजबूरी माइनस मार्किंग रही थी तो शिवसेना( एकनाथ शिंदे ) के साथ मिलकर सरकार चला रही भाजपा ने बेवजह अजीत पवार की एनसीपी के साथ बेमेल गठबंधन करके आत्मघात किया। इससे लोकसभा चुनावों में भाजपा को नुकसान पहुंचाया और विधानसभा चुनाव में भी ऐसे ही हालात बन रहे हैं।

भाजपा और शिंदे की शिवसेना का हिंदु प्रेम उसी मुकाम पर आकर खड़ा हो गया , जिस पर उद्धव ठाकरे ने शिवसेना को कांग्रेस और शरद पवार से हाथ मिलाकर खड़ा किया था। अजीत पवार कह चुके हैं कि विधानसभा चुनावों में जितनी भी सीटें उनके खाते में आएंगी उसमें से वह दस फीसदी टिकट अपने मुस्लिम नेताओं को देगी। महाराष्ट्र में 288 में से 40 सीटें ऐसी हैं जहां मुस्लिम मतदाता न सिर्फ प्रभावी हैं बल्कि निर्णायक हैं। लेकिन जम्मू और कश्मीर के नतीजों से साफ हैं कि मुस्लिम मतदाता न भाजपा का साथ देंगे और न भाजपा का साथ देने वालों पर यकीन करेंगे। यानि कश्मीर और हरियाणा से सबक लेते हुए भाजपा गठबंधन को महाविकास अगाड़ी से अलग दिखना है तो एनसीपी अजित पवार की पार्टी से पल्ला झाड़ना होगा। बिहार में मिस्टर पल्टूराम की पार्टी से अलग होकर अपने बूते चुनाव लड़ने का साहस दिखाना होगा। झारखंड में असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्व सरमा और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जिस आक्रामकता से भाजपा के लिए लड़ाई शुरू की है, उसकी दरकार महाराष्ट्र और बिहार में भी है। अपने मूल पिंड पर रहकर भाजपा चलेगी तो आगे बढ़ेगी।

## हार ने बढ़ाई मुश्किलें, महाराष्ट्र व दिल्ली के जोश पर लगा बट्टा

# अपनों के बीच फंस गई कांग्रेस इंडिया के पुराने साथी हमलावर

**नई दिल्ली एजेंसी, दोपहर मेट्रो।**

हरियाणा विधानसभा चुनाव में अनपेक्षित हार के बाद कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पार्टी के अंदर भी हडकंप की स्थिति है। पार्टी ने सभी सीटों का डाटा मांगा है और आज से विश्लेषण के लिये बैठ रही है। वहीं कांग्रेस के सहयोगी दल उससे सीधा सवाल पूछने लगे हैं। इसकी धुरी महाराष्ट्र, झारखंड व दिल्ली के विधानसभा चुनाव हैं। तीनों राज्यों में अगले दो महीने में चुनाव होने वाले हैं। यहां कांग्रेस पर गठबंधन में लड़ने का दबाव बढ़ने लगा है। आज शिवसेना उद्धव गुट के प्रवक्ता संजय राउत ने कांग्रेस से रुख साफ करने को कहा है कि वह महाराष्ट्र में क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन करना चाहती है या नहीं? क्या कांग्रेस महाराष्ट्र में अकेले चुनाव लड़ना चाहती है?




राउत ने पार्टी मुखपत्र सामना में लेख लिखा है, राउत के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर में इंडी गठबंधन की जीत हुई, क्योंकि वह मिलकर चुनाव लड़े। हरियाणा में कांग्रेस हारी क्योंकि अकेले लड़ी। कांग्रेस यदि हरियाणा में समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी और शिवसेना ( उद्धव गुट ) जैसे छोटे दलों को कुछ सीट देकर चुनाव लड़ती, तो परिणाम कुछ और होता। कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया। अतिआत्मविश्वास में हार गई। भाजपा की तारीफ करते हुए संजय राउत ने कहा कि भाजपा ने हारी बाजी जीत ली उन्होंने बहुत अच्छा चुनाव लड़ा। वहीं कांग्रेस को अब सोचना चाहिए कि वह जीती बाजी क्यों हार गई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के संबंध में राउत ने कहा कि यहां भी महाविकास अघाड़ी को मुख्यमंत्री के चेहरे की घोषणा करना होगी। इस पर कांग्रेस का क्या रुख है, यह उसको जल्द से जल्द स्पष्ट करना चाहिए।

### मोदी से सैनी की मुलाकात

हरियाणा में सत्तारूढ़ भाजपा की जीत के बाद आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दिल्ली पहुंच गये हैं, वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे और भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। बताया जाता रहा है कि अपने मंत्रिमंडल को अंतिम रूप देने के लिए सैनी के अपने वरिष्ठ नेतृत्व से परामर्श करने के लिये पहुंचे हैं। सत्ता विरोधी लहर को दरकिनार करते हुए सत्तारूढ़ भाजपा ने हरियाणा में जीत की 'हैट्रिक' लगाकर सत्ता बरकरार रखी और विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की वापसी की कोशिशों को रोक दिया। उधर कश्मीर में उमर अबदुल्ला की भी सरकार संभालने की तैयारी तेज है। कांग्रेस नेताओं के साथ भी चर्चा का दौर शुरू हो गया है। उमर की शपथ की तारीख अभी तय नहीं है लेकिन हरियाणा में माना जा रहा है कि दशहरे के दिन सैनी शपथ ले सकते हैं।



### हमसे गठबंधन क्यों नहीं किया



इस बीच, दिल्ली में आम आदमी पार्टी भी कांग्रेस पर हमलावर हो गई है। पार्टी नेता संजय सिंह ने आज कहा कि आम आदमी पार्टी तो चाहती थी कि हरियाणा में कांग्रेस के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा जाए। मगर कांग्रेस ने गठबंधन नहीं किया और नतीजा सबके सामने है। सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन होता तो हरियाणा में कांग्रेस को बहुत फायदा होता। वहां कांग्रेस की ही सरकार बनना थी, कांग्रेस का ही सीएम बनता,इसमें आप का कुछ नहीं था लेकिन कांग्रेस नेता बडी बडी बातें कर रहे थे।

# जंग रोकने अमेरिका व अरब देशों की बैकडोर डिप्लोमैसी शुरू

**बेरूत।** इजरायल के तेवरों के चलते इस समय मिडिल ईस्ट ज्वालामुखी के ढेर पर बैठा नजर आ रहा है, जो किसी भी वक्त भारी तबाही मचा सकता है। कई मोर्चों पर जंग लड़ रहा इजरायल तमाम संकेतों व संदेशों के बावजूद शांत बैठने के मूड में नहीं है। इस बीच अमेरिका और अरब देशों ने मिडिल ईस्ट में सभी मोर्चों पर एक साथ लड़ी जा रही जंग को रोकने के लिए कथित तौर पर ईरान के साथ बैकडॉर बातचीत शुरू कर दी है।



इजरायल फिलहाल इस बैकडॉर बातचीत में शामिल नहीं है लेकिन उन्हें इस बारे में बता दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायल ने अभी तक इस बैकडॉर बातचीत को लेकर अमेरिका को अपनी स्थिति के बारे में नहीं बताया है। इजरायल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हम फिलहाल मजबूत स्थिति में है। सीजफायर हमारी शर्तों पर होगा। इन शर्तों में इजरायली सीमावर्ती इलाकों में हिज्बुल्लाह के सभी सैन्य ठिकानों को नष्ट करना भी शामिल है। यह रिपोर्ट ऐसे समय पर सामने आई है, जब हिज्बुल्लाह लेबनान में सीजफायर चाहता है। हिज्बुल्लाह के डिप्टी लीडर नईम कासिम ने हाल ही में कहा था कि उनका संगठन इजरायल के खिलाफ हमास और फिलिस्तीन के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा।

# ट्रंप हारे तो मुझे जेल में डाला जाएगा, मस्क को आशंका

**न्यूयार्क, एजेंसी।**



अरब बति कारोबरी एलन मस्क को डर है कि अगर आगामी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप, कमला हैरिस से हार जाते हैं तो उन्हें जेल भी हो सकती है। मस्क ने कहा कि अगर कमला हैरिस चुनाव जीतीं तो हो सकता है कि अमेरिका में फिर कभी चुनाव ही नहीं हों। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में एलन मस्क खुलकर डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन कर रहे हैं। एक इंटरव्यू के दौरान मस्क ने एंकर कार्लसन से कहा कि 'यदि ट्रंप हारे तो समझो मैं तो गया। आपको क्या लगता है कि मुझे कितने साल की जेल होगी? क्या मैं अपने बच्चों को भी देख पाऊंगा? मुझे नहीं पता।' गौरतलब है कि हाल ही में पेंसिल्वेनिया के बटलर में हुई ट्रंप की रैली में एलन मस्क ने पूर्व राष्ट्रपति के साथ मंच भी साझा किया था और ट्रंप को चुनाव जिताने की अपील की।

**मेट्रो एंकर**

## रिजर्व बैंक ने रेपो रेट यथावत रखने का फैसला 10वीं बार लिया

# ईएमआई नहीं घटेगी, बाकी सब ठीक-ठाक है!

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

रिजर्व बैंक ने लगातार 10वीं बार नीतिगत दरों यानि रेपो रेट में बदलाव नहीं करने का फैसला किया है। यानी लोन की ईएमआई न बढ़ेगी और न ही घटने वाली है। रेपो रेट 6.50त्न पर बरकरार है जबकि रिवर्स रेपो रेट 3.35त्न पर और बैंक रेट 6.75त्न पर स्थिर रखा गया है।



आरबीआई गवर्नर ने एमपीसी बैठक के फैसलों का आज ऐलान किया और कहा कि इस बार एमपीसी में 3 नए सदस्य जुड़े हैं और ग्लोबल हालातों समेत अन्य पहलुओं पर विचार करने के बाद बैठक के दौरान 6 में से 5 सदस्यों ने ब्याज दरों को यथावत रखने पर अपना वोट दिया। पॉलिसी का रुख विद्ड्रॉल ऑफ अकमॉन्डेशन से चेंज करते हुए अब न्यूट्रलकर दिया गया है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर बने उतार-चढ़ाव भरे हालातों के बावजूद देश में महंगाई को काबू में रखने में हम कामयाब रहे हैं और इसके साथ ही आर्थिक ग्रोथ को भी गति मिली है।

### ईएमआई पर असर

गौरतलब है कि आरबीआई की एमपीसी यानि मौद्रिक समिति की बैठक हर दो महीने में होती है और इसमें शामिल रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास समेत छह सदस्य महंगाई समेत अन्य मुद्दों और बदलावों पर चर्चा करते हैं। बता दें कि रेपो रेट का सीधा कनेक्शन बैंक लोन लेने वाले ग्राहकों से होता है. इसके कम होने से लोन की ईएमआई घट जाती है और इसमें इजाफा होने से ये बढ़ जाती है। दरअसल, रेपो रेट वह दर है जिस पर किसी देश का केंद्रीय बैंक धन की किसी भी कमी की स्थिति में वाणिज्यिक बैंकों को पैसा उधार देता है।


### लगातार बढ़ाया गया था रेपो रेट

फिलहाल रेपो रेट 6.5 फीसदी पर बना हुआ है। इससे पहले जब देश में महंगाई बेकाबू हो गई थी और 7 फीसदी के पार पहुंच गई थी तब इसे काबू में लाने के लिए बैंक ने लगातार रेपो रेट बढ़ाया था। इसमें मई 2022 से फरवरी 2023 तक कई बार बढ़ोतरी की गई थी और ये 2.5 फीसदी बढ़ा था, हालांकि, इसके बाद से ही केंद्रीय बैंक की ओर से किसी भी तरह का कोई बदलाव रेपो रेट में नहीं किया गया।

### नतीजों का ऐलान हुआ तो बाजार भागा

आज सुबह आरबीआई ने लगातार 10वीं बार रेपो रेट को स्थिर रखने का ऐलान किया, तो इस खबर का असर सीधे शेयर बाजार पर दिखाई दिया। मिडिल ईस्ट में तनाव के माहौल के बीच रेपोरेट स्थिर रखने का फैसला बाजार को पसंद आया और करीब 150 अंक की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा सेंसेक्स अचानक दौड़ लगाते हुए 411 अंक चढ़कर 82,046.48 के लेवल पर पहुंच गया और निफ्टी 25,190 के पार निकल गया।

# अपनी ही एसपी की जासूसी कर रहे 7 पुलिसकर्मी सस्पेंड



**जयपुर , एजेंसी।**

राजस्थान की भिवाड़ी में बहुत चौंकाने वाला मामला सामने आया है दरअसल भिवाड़ी में तैनात पुलिसकर्मी अपनी ही पुलिस अधीक्षक लोकेशन ले रहे थे और उन पर नजर रख रहे थे। इन्होंने 15 से ज्यादा बार एसपी की लोकेशन निकाली और मोबाइल पर नजर रखी। मामला उजागर होते ही विभाग में हड़कंप मच गया है और भिवाड़ी में तैनात 7 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक खुद पुलिस विभाग साइबर सेल के अधिकारी और कर्मचारी भिवाड़ी एसपी ज्येष्ठा मैत्रेयी की फोन की लोकेशन ट्रेस करते हैं और एसपी कहां जा रही हैं, क्या कर रही हैं? यह पता करते हैं। खुद एसपी ज्येष्ठा मैत्रेई ने साइबर सेल के इंचार्ज एसआई सहित एक हेड कांस्टेबल और पांच आरक्षकों को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन्होंने पुलिस मुख्यालय को भी जानकारी दी है। जयपुर रेंज के आईजी अजय पाल लांबा ने कहा कि मामले में एक उच्च स्तरीय जांच चल रही है। एसपी ने कहा था कि वे ईमानदारी से काम कर रही हैं, इस बात का विश्वास नहीं था कि उनके विभाग के लोग ही उन पर नजर रख रहे हैं।

### मप्र की हैं ज्येष्ठा

एसपी ज्येष्ठा मैत्रेयी मूल रूप से मध्यप्रदेश के गुना की हैं। उन्होंने 2017 में सिविल सेवा परीक्षा पास की व राजस्थान कैडर मिलने के बाद उदयपुर के गिरवा सर्कल में एएसपी पदस्थ हुई थीं। उसके बाद भीलवाड़ा में एसपी, जयपुर क्राइम ब्रांच में डीसीपी, सिरोही एसपी के बाद अब उन्हें भिवाड़ी एसपी के पद पर तैनात किया गया है।



राजधारनी के शाहपुरा हिंदू संगम समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी गरबा महोत्सव आयोजन किया गया। जिसमें शाहपुरा कालोनी के सभी लोगों ने इस आयोजन में अपनी भागीदारी दी।



भोपाल के बरखेड़ा पठानी कन्या स्कूल के पास काली जी की आकर्षक झांकी।



छोला गणेश मंदिर की दुर्गा जी की झांकी

भानपुर रोड से नवरात्रि में चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया।



## निर्माल्य सामग्री एकत्र करने की योजना में वाहनों की कमी

# शहर में बढ़ी दुर्गा उत्सव की धूम, झांकियों पर भीड़

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

इस बार राजधानी में दुर्गा उत्सव ज्यादा धूम से मन रहा है। झांकियां भी पिछले वर्ष से ज्यादा नजर आ रही हैं। नवरात्र का आज तीसरा दिन है तथा झांकियों को देखने लोगों की भीड भी बढ रही है तथा पूजा अर्चन का दौर भी बढ रहा है। उधर पंडालों व मंदिरों से पूजन सामग्री एकत्र करने का प्लान संसाधनों के अभाव में लडखडाने की आशंका हो गई है।

दरअसल करीब चार सौ वर्गकिमी में फैले भोपाल में एक से दूसरे सिरे तक करीब 15 सौ दुर्गा पांडाल और तीन सौ से ज्यादा मंदिरों से निर्माल्य इकट्ठा करने के लिए नगर निगम के पास केवल चार वाहन हैं। नवरात्र के दौरान सप्तमी तक रोज 800 किलो निर्माल्य निकलता है। जबकि अष्टमी से दशहरा तक इसकी मात्रा 5 से 7 टन तक पहुंच जाने का अनुसमान है। यूं तो निगम के पास पूरे शहर से कचरा कलेक्शन के लिए 400 से अधिक गाड़ियां हैं, फिर भी 10 फीसदी घरों से कचरा आज भी नहीं उठ पाता है। ऐसे में केवल चार गाड़ियां पूरे शहर की झांकियों से निर्माल्य इकट्ठा कर पाएंगी, यह सवाल पैदा हो गया है। निगम इस निर्माल्य सामग्री को प्लांट में प्रोसेस करके कंपोस्ट खाद बनाता है।

इसके अलावा नारियल के खोल की रिसाइकलिंग के लिए मंडीदीप की एक इंडस्ट्री से नगर निगम ने अनुबंध किया है। निगम विसर्जन स्थलों पर निर्माल्य इकट्ठा करने के लिए कंटेनर की व्यवस्था करता है। हर सामग्री का सेग्रीगेशन कर अलग-अलग उपयोग होता है।



### भंडारे के पास व्यवस्था

चूंकि नवरात्र में शहर में अनेक स्थानों पर भंडारे होत हैं। इस दौरान निकलने वाले कचरे को साफ करने के लिए निगम तैयारी कर रहा है। हर साल भंडारों से लगभग 50 टन कचरा निकलता है। इसके लिए भंडारे के स्थान पर कचरा रखने के लिए कंटेनर की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही लोगों को कचरा कंटेनर में डालने की समझाइश भी दी जाएगी। तब से अब तक बताया जाता है कि करीब पांच साल पहले नगर निगम ने घरों और पंडालों से निर्माल्य इकट्ठा करना शुरू किया था तो इसके लिए हर जोन में एक गाड़ी तय की गई थी। बाद में घरों का निर्माल्य झांकियों तक पहुंचाने का अनुरोध किया गया और विधानसभावार गाड़ियों की व्यवस्था की गई। यानी शहर में 6 गाड़ियां थीं अब 4 बची हैं। अफसरों का कहना है कि निर्माल्य इकट्ठा करने के लिए रूटमैप तैयार किया जा रहा है। सभी एएचओ को सूची तैयार करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके अलावा यदि ज्यादा वाहनों की जरूरत पड़ी तो वर्कशॉप से वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे।

## केटी में विद्यार्थियों के दांतों की हुई जांच

**हिरदाराम नगर।** के. टी. शाहानी स्कूल में दिव्यजीवन संस्था ने तम्बाकू रोकथाम शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे 100 से अधिक छात्रों व अध्यापकगण को तम्बाकू के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही निशुल्क दन्त परिक्षण भी किया गया जिसमे डॉ संस्कार सोनी, डॉ मुस्कान धाकड़, डॉ जया पटेल, डॉ जैनब खान, डॉ निधि आदि उपस्थित है।

## प्रदेश में आनंद का वातावरण बनाने जुटे हैं 565 आनंद क्लब

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

प्रदेश में समाज के बीच सकारात्मकता एवं आनंद का वातावरण बनाने के लिए आनंद विभाग द्वारा समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए प्रदेश में 565 आनंद क्लब पंजीकृत किए गए हैं। आनंद क्लब द्वारा जरूरतमंदों को रक्तदान, भोजन एवं सामग्री दान, आपदा में सहयोग, शिक्षा, बालिकाओं को आत्म रक्षा प्रशिक्षण, निराश्रितों की मदद एवं उपचार आदि का भी सहयोग प्रदान किया जा रहा है। आनंद क्लबों से 5 हजार से अधिक सदस्य जुड चुके हैं। राज्य आनंद संस्थान के कार्यक्रम निदेशक सत्य प्रकाश आर्य ने बताया कि स्वयं एवं परिवेश के प्रति जागरूकता बढ़ाकर हम प्रसन्न रह सकते हैं। इससे सामाजिक समरसता और खुशहाली संभव होती है। आनंद क्लब की पहल इस विचार पर आधारित है कि लोगों को पहले स्वयं आनंदमयी जीवन जीने का कौशल सीखना चाहिए।

## सुख समृद्धि की कामना लेकर विधायक रामेश्वर शर्मा ने की पूजा अर्चना

हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।

शरद नवरात्रि पर सैनिक कॉलोनी नुक्कड़ वाली माता मंदिर में विधायक रामेश्वर शर्मा ने मां जगदंबे की पूजा अर्चना की। सभी की सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर में सुबह-शाम आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। विधायक शर्मा को पंडित रवि पटेरिया और राजेश शर्मा ने वेद मंत्रों के बीच पूजा अर्चना कराई। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के विशाल पुरोहित, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, जनपद अध्यक्ष प्रमोद राजपूत, कमल मनसुखानी प्रमुख रूप से शामिल हुए, जिनका चुनरी और श्रीफल से स्वागत किया गया। वहीं, बजरंग सेना समिति के पदाधिकारियों ने राहुल नगर में मां दुर्गा की आरती की। राजकुमार धानुक ने गमच्छा पहनाकर डॉ नरेश बासवानी, समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी उपाध्यक्ष राज बिजोरिया, महासचिव गुरदास रामचंदानी स्वागत किया।



## संत कॉलेज की अनुष्का का कोरिजा में चयन

**हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल एवं कोरिजो कंपनी ने वर्चुअल केंपस ड्राइव का आयोजन किया गया था। इसमें कॉलेज की अनुष्का ठाकरे का कोरिजो कम्पनी में इनसाइड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव पद के लिए चयन हुआ है। कंपनी द्वारा आयोजित विभिन्न चरणों की चयन प्रक्रिया में एच.आर राउंड एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार प्रमुख थे। इस वर्चुअल केंपस ड्राइव में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की 40 छात्राओं ने भाग लिया था। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने बधाई दी है।



## कन्या पूजन किया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने

# बच्चियों से दुष्कर्म के मामलों को लेकर कांग्रेस का विरोध




हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।

मध्यप्रदेश में बढ़ रहे छोटी बच्चियों के साथ दुष्कर्म जैसे मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के कहने पर ब्लॉक स्तर पर कन्या पूजन किए गए। बैरागढ़ ब्लॉक कांग्रेस ने भी कन्या पूजन किया। ब्लॉक अध्यक्ष अशोक मारण ने कहा कि छोटी बच्चियों की सुरक्षा के लिए वर्तमान सरकार को नए कानून बनाने की आवश्यकता है। छोटी बच्चियों के साथ दुष्कर्म जैसे मामले अब मध्य प्रदेश में बढ़ते नजर आ रहे हैं।

प्रदेश में जो हालात आज बने हुए हैं छोटे-छोटे बच्चों के साथ हो रहे दुष्कर्म के मामले बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन सरकार गहरी नींद में सो रही है इसलिए आज कन्या पूजन कर सरकार को नींद से जागने का प्रयास किया है। इस मौके पर उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी, जगदीश सांवले, विष्णु मारण, लीलाधर पवार, गगन भार्गव, राज मनवानी, लक्ष्मण वासवानी, सोनू जैन, प्रकाश विधानी, अनिल टेक्चंदानी व अन्य कांग्रेसीजन मौजूद थे।

## लायंस क्लब मन्नत ने सेवा सप्ताह में किया सम्मान



हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।

लायंस क्लब भोपाल मन्नत ने लायंस क्लब इंटरनेशनल जिला 3233 जी 2 के अंतर्गत सेवा सप्ताह का आयोजन किया, जिसमें नशा मुक्ति जागरूकता, निशक्तजन को भोजन, गांधी जी बनाओ इनाम पाओ, कपड़े के थैले का बांटने जैसी गतिविधियां कीं। आंखों की जांच, कन्या भोज, समाज सेवियों एवं वृद्धों का सम्मान किया गया। लाइफ लाइन स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में डॉ तराना आसवानी, रिटायर्ड प्रिंसिपल मधु लालवानी, सिंधी महिला पंचायत की अध्यक्ष किरण वाधवानी, ब्यूटीशियन सीमा लालवानी, आरक्षक शीला मालवीय, मंदिर संचालिका कुंदी देवी रिझवानी, कांस्टेबल रानी जावरिया, समाज सेविका रुक्मणी देवी, प्रेम प्रकाश आश्रम से धर्म गुरु हीरा देवी सीतलानी, समाज सेविका सुशीला लालवानी, समाज सेविता रेनू मोटवानी, समाज

**मेट्रो एंकर**

## 10 दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर शुरू

# आरोग्य केन्द्र में निरोगी काया के लिए जुटे देशभर के साधक

हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।

आरोग्य केन्द्र में मासिक रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर की श्रृंखला में 10 शिविर आवासीय शिविर का मंगलवार से शुरू हुआ, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए साधक-साधिकाएं स्वस्थ रहने की कला सीख रहे हैं। साधकगण अपक्वाहार एवं प्राकृतिक उपचार के साथ-साथ योगा, आयुर्वेदिक उपचार, फिजियोथैरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, शिरोधारा, पोटली मसाज से शरीरिक दिक्कतों से राहत की उम्मीद लेकर आए है। शिविर के पहले दिन पंजीयन एवं परामर्श दिया गया।

शुभारंभ दिवस पर व्याख्यान सत्र में डॉ दिनेश यादव ने शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। यादव ने कहा कि शिविर का उद्देश्य है बिना दवा तंदुरूस्ती पाना। इस दस दिवसीय शिविर में आप अपने शरीर का शुद्धिकरण कैसे करें वो सीखेगें। शरीर का शुद्धिकरण होना बहुत ही आवश्यक हैं। शिविर में आप ऐसी कला सीखेंगें जिससे आप सुखमय व स्वास्थ्यमय जीवन पा सकें। स्वस्थ जीवन प्राप्त करने के लिए एक ही उपाय है अपनी दिनचर्या में परिवर्तन करना। आप अपनी दिनचर्या में परिवर्तन करेंगे तो ही आप स्वास्थ्य लाभ पा सकेंगे। आप अपने आप को स्वंय स्वस्थ रख सकते हैं।



### यह गतिविधियां होंगी

नियमित योगाभ्यास, यौगिक क्रियाएँ, प्रात: कालीन व सायंकालीन व्याख्यान। शंका समाधान, ध्यानात्मक क्रियाएँ एवं आनंद मेला। बीमारियों को दूर करने में एनिमा, उपवास, अपक्वाहार, नींद, शुभ चिंतन व ग्रीन जूस को अपनाकर सदैव स्वस्थ रहने की कला समस्त साधको बताई।

## पहली बार सार्वजनिक मंच से मोहन व शिवराज ने एक-दूसरे की तारीफों के पुल बांधे

# सीएम बोले- शिवराज सिंह चौहान की जिताई सरकार है जो मांगोंगे, वह देंगे

# शिवराज सिंह चौहान बोले- मोहन ने तो भैरूंदा वालों की चांदी कर दी

### बुधनी में उपचुनाव से पहले इसी क्षेत्र में दो भाजपा दिग्गजों का रोड़ शो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पहली बार सार्वजनिक मंच से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक-दूसरे के तारीफों के पुल बांधे। मुख्यमंत्री ने शिवराज सिंह चौहान का नाम लेकर कहा कि यह सरकार उन्हीं की जिताई हुई है, जो मांगोंगे, वह दिया जाएगा। विकास में किसी भी स्तर पर कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। वहीं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तो भैरूंदा वालों की चांदी कर दी।

यह मौका था सीहोर के भैरूंदा में मंगलवार को ग्राम विकास सम्मेलन का। दोनों ही नेता इस कार्यक्र्म में शामिल हुए थे। केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री मप्र प्रहलाद पटेल भी मौजूद थे। इन नेताओं ने भैरूंदा में रोड शो भी किया, जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। भैरूंदा, बुधनी विधानसभा में आता है। यह सीट अभी खाली है।

जिस पर जल्द ही उप चुनाव होने वाले है। यहां सरकार ने तवज्जो बढ़ा दी है। इसके अलावा रामनिवास रावत के भाजपा में आने के बाद खाली हुई श्योपुर की विजयपुर सीट पर भी सरकार का फोकस है, यहां भी करोड़ों रुपये की सौगात दी जा चुकी है। दरअसल सियासी गलियारों में यह चर्चा चलती रही है कि मुख्यमंत्री यादव व शिवराज के बीच दूरी है, लेकिन कल लोगों की यह धारणा टूट गई। इसके पहले भी दोनों की ओर से एक-दूसरे के सम्मान में कोई कमी कभी देखने को नहीं मिली। हालांकि पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने विदिशा कलेक्टर को जब हटाया था तो इसे आश्चर्यजनक माना गया था। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मप्र में अपनी सक्रियता कम नहीं कर रहे हैं।

### घोषणा: मसूर, उड़द और तुवर भी समर्थन मूल्य पर खरीदेंगे

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मप्र प्रवास के दौरान दो महत्वपूर्ण घोषणा कर बताया कि मसूर, उड़द व तुवर भी समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से जो छूटे हैं, उनके लिए सर्वे कर रहे हैं। जिनके पास, मोटरसाइकिल या स्कूटर, 10 हजार से अधिक मासिक आमदनी, ढाई एकड़ सिंचित अथवा 5 एकड़ तक असिंचित जमीन थी अब वे भी पात्र होंगे।



### मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री ने ये सौगातें दी

- पीएमजीएसवाई- आईवी के तहत 500 किमी स्वीकृत सड़कों का शुभारंभ किया।
- स्व-सहायता समूहों के लिए 150 करोड़ रूपए के बैंक ऋण व सामुदायिक निवेश राशि ट्रांसफर की।
- 8 प्र-संस्करण इकाइयों एवं 100 सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्रों का शुभारंभ भी किया।
- 5 नए जिलों में आरसेटी प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की स्वीकृति भी दी गई।
- सीहोर जिले के 52818 तेंदूपत्ता संग्रहकों को 2 करोड़ 70 लाख रूपये बोनस राशि का वितरण व बांस मिशन योजना में 215 हितग्राहियों को 2 लाख 90 हजार अनुदान राशि एक करोड़ 4 लाख 27 हजार रूपये का लाभ दिया।

## उच्च शिक्षा: अतिथि विद्वानों के लिए समय सारणी जारी, 9 से कर सकेंगे आवेदन



### 30 अक्टूबर तक स्थल परिवर्तन की सुविधा 16 से 23 अक्टूबर तक विकल्प भरे जाएंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उच्च शिक्षा विभाग ने नवीन नीति 5 अक्टूबर 2023 के अनुरूप सत्र 2024-25 के लिए अतिथि विद्वान आमंत्रण प्रक्रिया के लिए समय सारणी जारी कर दी है। इसके अनुसार वर्तमान में आमंत्रित अतिथि विद्वानों को स्थल परिवर्तन की सुविधा, नवीन पंजीयन एवं पूर्व से पंजीकृत आवेदकों के प्रोफाइल अद्यतन एवं दस्तावेज अपलोड किए जा सकेंगे। विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. आर.के. गोस्वामी ने बताया कि वर्तमान में आमंत्रित अतिथि विद्वानों को 9 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक स्थल परिवर्तन की सुविधा मिलेगी। डॉ. गोस्वामी ने बताया कि वर्तमान में आमंत्रित अतिथि विद्वान 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक अपनी अकादमिक प्रोफाइल अद्यतन एवं आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर सकेंगे। अपलोड अद्यतन दस्तावेजों का सम्बंधित अग्रणी महाविद्यालय में 9 से 15 अक्टूबर तक सत्यापन कराना होगा।

#### 16 से 23 अक्टूबर तक विकल्प भरने की सुविधा

आमंत्रित अतिथि विद्वानों को स्थल परिवर्तन के लिए 16 से 23 अक्टूबर तक विकल्प भरने के अवसर उपलब्ध रहेंगे। स्थल परिवर्तन के लिए कार्यरत अतिथि विद्वानों को वरीयता के अनुसार 24 अक्टूबर को महाविद्यालय आवंटित होंगे। अतिथि विद्वान 24 से 30 अक्टूबर तक स्थल परिवर्तन के लिए आवंटित महाविद्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकेंगे और महाविद्यालय पोर्टल पर अतिथि विद्वानों की ज्वाइनिंग दर्ज करा सकेंगे।

#### 25 अक्टूबर से 6 नवंबर तक दस्तावेज होंगे अपलोड

डॉ. गोस्वामी ने बताया कि अतिथि विद्वान के लिए नवीन पंजीयन एवं पूर्व से पंजीकृत आवेदकों के प्रोफाइल अद्यतन एवं दस्तावेज अपलोड की प्रक्रिया 25 अक्टूबर से 6 नवंबर तक होगी। अतिथि विद्वान के लिए नवीन पंजीयन एवं पूर्व मे पंजीकृत आवेदक 25 अक्टूबर से 5 नवंबर तक प्रोफाइल अद्यतन करना एवं आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर सकेंगे। आवेदक अपने अपलोड नवीन, अद्यतन दस्तावेजों का सम्बंधित शासकीय अग्रणी महाविद्यालय में 26 अक्टूबर से 6 नवंबर तक सत्यापन करवा सकेंगे।

# नर्मदा नदी को अवैध खनन से मुक्ति दिलाने और श्रीराम से जुड़े स्थलों को विकसित करने का जिम्मा नए सीएस को

### मुख्यमंत्री की घोषणा पर दो हाईपावर कमेटी बनाई, दोनों के अध्यक्ष सीएस होंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** नर्मदा नदी को अवैध उत्खनन से मुक्ति दिलाने और श्रीराम से जुड़े तीर्थ स्थलों को विकसित करने का जिम्मा सरकार ने नए सीएस अनुराग जैन को दे दिया है। दोनों के लिए दो अलग-अलग कमेटियां बनाई है, जिनका अध्यक्ष सीएस को बनाया गया है। बाकी के विभागों के प्रमुख सचिवों को उक्त कमेटियों का सदस्य बनाया है।







नर्मदा अन्तर्विभागीय कार्यकारिणी कमेटी मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित मंत्री-मण्डल समिति द्वारा लिए निर्णयों व निर्देशों का पालन करने के लिए बनाई है, जो नर्मदा के संरक्षण व विकास की समग्र योजना बनाकर उन्हें जमीन पर उतारेगी। इसमें सीएस के अलावा अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वन, प्रमुख सचिव, नगरीय विकास एवं आवास तथा राजस्व विभाग व प्रमुख सचिव योजना सदस्य व आर्थिक एवं सांख्यिकी समिति के सदस्य सचिव बनाया गया है। श्रीराम पथगमन कमेटी श्रीराम पथगमन स्थलों के विकास की संपूर्ण योजना बनाएगी, कामों को कराएगी। नियमित समीक्षा करेगी। समिति में अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन, प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन, लोक निर्माण, वित्त, सदस्य होंगे। प्रमुख सचिव संस्कृति/पर्यटन समिति के पदेन सदस्य सचिव बनाया है। एक कमेटी मप्र के हिस्से में मौजूद उन धार्मिक स्थलों का समग्र विकास का खाका तैयार कर, उनका समग्र विकास करेगी, जहां से भगवान श्रीराम होकर गुजरे थे। दूसरी समिति नर्मदा नदी के समग्र विकास पर नए सिरे से काम करेगी। इन समितियों में अलग-अलग विभागों के प्रमुख सचिव को भी शामिल किया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा था कि सरकार मप्र के उन सभी धार्मिक स्थलों को नए सिरे से विकसित करेगी, जहां पर भगवान श्रीराम के चरण पड़े थे। उक्त् घोषणा के बाद सरकार ने ऐसे स्थलों को नए सिरे से सूचीबद्ध कराया था। स्थानीय एजेंसियों ने अपने-अपने बजट के आधार पर कुछ काम भी किए हैं। जबकि नर्मदा नियंत्रण बोर्ड की बैठक् में मुख्यमंत्री ने नर्मदा नदी में हो रहे अवैध उत्खनन पर आपत्ति ली थी। कहा था कि नदी की निगरानी सेटेलाइट इमेजरी और ड्रोन से की जाए। अतिक्रमण हटे, प्रदूषित पानी किसी भी स्थिति में न मिले। नर्मदा को जहां-जहां नुकसान पहुंचाया है, वहां उसकी भरपाई हो।

## त्योहार पर भोपाल में तीन स्थानीय अवकाश घोषित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** त्योहारी सीजन में घोषित छुट्टियों सहित 3 स्थानीय अवकाश होंगे। जिले में 11 अक्टूबर को दशहरा (महाष्टमी)/दशहरा (महानवमी) पर अवकाश रहेगा। वहीं शुक्रवार 01 नवंबर को दीपावली का दूसरा दिन भोपाल में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। इसके अलावा अगले माह 03 दिसंबर भोपाल गैस त्रासदी की बरसी पर भोपाल में स्थानीय अवकाश रहेगा।

**स्कूलों में पहले से छुट्टियां:** दीवाली तक स्कूलों में 11 दिन अवकाश रहेगा। अक्टूबर में 13, 20 और 27 अक्टूबर रविवार की छुट्टी हैं। इसके अलावा 11, 12 अक्टूबर दशहरे पर छुट्टी रहेगी। 17 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती की छुट्टी होगी। इसके बाद दिवाली पर 29, 30, 31 अक्टूबर को अवकाश है। 1 और दो नवंबर को भी छुट्टी होगी।

## सहकारिता कार्यालयों को किया जाए रिडिजाइन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने निर्देश दिये है कि सहकारिता विभाग से संबंधित सभी कार्यालयों को रिडिजाइन किया जाये। ऑफिस को अपडेट रखे, उसका डिजिटाइजेशन भी हो। मोटिवेशन स्लोगन लगाये जाये। सभी प्रकार के पेक्स के माध्यम से किसानों को भी शिक्षित करने का कार्य किया जाये। वहाँ उनके उपयोग की जानकारी हो। डिसप्ले के माध्यम से किसानों की हित की जानकारी का प्रदर्शन हो। मंत्री सारंग ने मंत्रालय में सहकारिता विभाग की गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि उपार्जन के लिये सर्वेयर और समिति प्रबंधक की हाई क्लास ट्रेनिंग करवाई जाये। इसके लिये कम से कम 600 चयनितों का उपयोगी प्रशिक्षण हो। उपार्जन के समय पानी, बैठक व्यवस्था आदि का इंतजाम भी करें। मंत्री सारंग ने कहा कि सारे विभागीय काम टाइम लिमिट में हो। सभी प्रक्रिया पारदर्शी हो। उन्होंने बैठक में स्वच्छता पखवाड़े में विभाग द्वारा किये गये कार्यों का प्रेजेन्टेशन भी देखा। साथ ही निर्देश दिये कि अच्छे काम करने वाले को अवार्ड/रिवार्ड दिया जाये। इससे अधिकारी-कर्मचारी प्रोत्साहित होंगे।




**मेट्रो एंकर** स्कूलों में 110 नोडल खेल केन्द्रों की स्थापना

## विद्यार्थियों के लिए हर जिले में 110 केन्द्र सरकारी स्कूलों में रोज आधा घंटे कार्यक्रम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को उच्च स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने हर जिले के सरकारी स्कूलों में 110 नोडल खेल केन्द्रों की स्थापना की है। इन केंद्रों के जरिये छात्र-छात्राओं को खेल अधोसंरचना के साथ उत्कृष्ट स्तर की खेल सामग्री और खेल प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस व्यवस्था से सरकारी स्कूलों में छात्र-छात्राओं के खेल प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। साथ ही विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाली शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की सहभागिता में भी बढ़ोत्तरी हुई है। विभिन्न नोडल केन्द्रों के करीब 200 खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सहभागिता कर विभिन्न खेलों में 80 पदक प्राप्त किये।

**राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता:** राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रदेश के खिलाड़ियों ने विभिन्न विधाओं में सहभागिता की। पिछले वर्ष 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 14, 17 और 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की प्रतियोगता में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 7 खेलों में 26 स्वर्ण, 13 रजत और 14 कांस्य समेत कुल 53 पदक प्राप्त किये। स्कूलों में खेलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देने के लिये कक्षा 9वीं से 12वीं तक आवासीय खेलकूद संस्थान, सीहोर में संचालित किया जा रहा है। इस आवासीय संस्थान में 200 सीट निर्धारित है। विद्यार्थी यहां विद्यालय में 4 वर्ष तक पढ़ाई के साथ अपनी रूचि के खेलों का भी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।



### फिट इंडिया मूवमेंट में गतिविधियां

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत फिटनेस का डोज-आधा घंटा रोज कार्यक्रम सरकारी स्कूलों में आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण और अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक विभिन्न खेल गतिविधियों में सहभागिता की। फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत 5वां फिट इंडिया वीक पिछले वर्ष सभी जिलों में मनाया गया।

## संपादकीय

# कई अपेक्षाओं के बीच एमपीसी

भारत में त्योहारों के मौसम में दीवाली के ठीक पहले फिर से भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति यानि एमपीसी की बैठक के निष्कर्षों पर सभी की नजरें थीं। आज सुबह जब इसका ऐलान किया गया तो तस्वीर वही पुरानी उभरी यानी रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया जा सका। इस बार खास बात यह रही कि एमपीसी में तीन नए बाहरी सदस्य शामिल हुए। चूंकि यह भारतीय अर्थव्यवस्था की तस्वीर पेश करने वाली बैठक होती है। लेकिन इस बार एमपीसी को कई चुनौतियों पर नजर रखने की जरूरत थी। इनमें सबसे ऊपर थी भूराजनीतिक तनाव, खासतौर पर पश्चिम एशिया में तनाव। गाजा में होने वाला युद्ध एक अलग स्तर के क्षेत्रीय संघर्ष में बदल रहा है। पहले हिजबुल्ला और लेबनान इस युद्ध में शामिल हुए और अब हिजबुल्ला के ईरानी प्रायोजकों ने प्रतिक्रिया दी है। अगर इस लड़ाई में शामिल सभी दल गैरजवाबदेह बने रहे तो इस पूरे घटनाक्रम के आर्थिक असर पर भी नजर रखनी होगी। बहरहाल जहां तक एमपीसी का मामला है तो एक दशक से भी कम पुरानी इस संस्था में बदलाव का व्यवस्थित ढंग से अंजाम लेना संस्थागत क्षमता का महत्व दर्शाता है। केंद्र सरकार ने एमपीसी में ऐसे स्वतंत्र सदस्य नियुक्त करने की प्रतिबद्धता लगातार जताई है जिनके पास अकादमिक क्षेत्र में या वित्तीय अर्थशास्त्र में विशाल अनुभव हो और जो सरकारी क्षेत्र से बाहर हों। तीन नए सदस्यों में एक प्रमुख थिंक टैंक के मुखिया, एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान के प्रमुख और एक जाने माने अर्थशास्त्री शामिल हैं जिनके पास वित्तीय क्षेत्र का गहन अनुभव है। पूरा अनुमान है कि एमपीसी उच्च विश्वसनीयता, स्वतंत्रता और पारदर्शिता के साथ काम करती रहेगी। बहरहाल, नवगठित एमपीसी के सामने आगे भी कठिन विकल्प हैं। इस बात के प्रमाण हैं कि देश में मुद्रास्फीति गिरावट पर है। उदाहरण के लिए इस वर्ष जुलाई में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति की दर गिरकर चार फीसदी से नीचे आ गई जो रिजर्व बैंक का औपचारिक लक्ष्य है। आंकड़ों की कुछ बाजीगरी के चलते यह उस स्तर पर पहुंच गई जहां यह महामारी के बाद से नहीं पहुंच सकी थी। मौजूदा दौर की बात करें तो अनेक उच्च तीव्रता वाले संकेतक हैं जो यह संकेत देते हैं कि खाद्य कीमतों सहित कीमतों में इजाफे के कारक फसल कटाई के मौसम में कमजोर पड़ सकते हैं। नोमूरा का अनुमान है कि खाद्य कीमतों की मुद्रास्फीति अब से लेकर मार्च 2025 तक औसतन 4.5 फीसदी के आसपास रहेगी जो इस वर्ष के अब तक के 8 फीसदी के स्तर से काफी कम है। बहरहाल, खाद्य कीमतों में हाल के महीनों में आई तेजी ने आम परिवारों के अनुमानों को प्रभावित किया है और समझदारी यही होगी कि मंडियों में खरीफ की फसल की आवक की प्रतीक्षा की जाए। सरकार की नजर निजी निवेश और आर्थिक वृद्धि दोनों पर बनी हुई है। यदि एमपीसी वृद्धि को सहायता पहुंचाने के लिए दरों में कटौती का निर्णय लेती तो उसे राहत होती। निश्चित तौर पर अगले कुछ महीनों में इस वजह से कटौती हो सकती है। दूसरी तरफ युध्द के चलते पश्चिम एशिया में संकट और उसके कारण पेट्रोकेमिकल्स की कीमतों में उतार-चढ़ाव ऐतिहासिक रूप से मुद्रास्फीति पर बुरा असर डालता रहा है और देश में इससे व्यापक आर्थिक अस्थिरता के हालात बनते रहे हैं। उसके अलावा अरब उभार और ईरान पर प्रतिबंधों के दौरान भी हमने ऐसा देखा जा चुका है। लगता है एमपीसी ने शुरुआती मौद्रिक शिथिलता पर विचार करते हुए इन बातों को भी ध्यान में रखा है। फिलहाल तो आम लोगों को इएमआई में राहत नहीं मिली मगर आगे उम्मीदें बरकरार हैं।

आलोचना आधुनिक काल की ज़रूरत है। जहाँ से आदमी अपने को कन्फ्रंट करता है, अपने को संबोधित करता है।

– मलयज

## आज का इतिहास

- 1756: ब्रिटिश गवर्नर जनरल रॉबर्ट क्लाइव ने कलकत्ता पर पुनः कब्जे के लिए मद्रास कूच किया।
- 1845: अमेरिका की नौसेना को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए जार्ज बेनक्रोफ्ट ने एनापोलिस, मैरीलैंड में नौसैन्य अकादमी की स्थापना की।
- 1846: ब्रिटेन के खगोलविद् विलियम लासेल ने नेपच्यून ग्रह के सबसे बड़े उपग्रह ट्राइटन की खोज की।
- 1906: भारतीय उपन्यासकार आर.के. लक्ष्मण का जन्म।
- 1910: वाराणसी में मदन मोहन मालवीय की अध्यक्षता में प्रथम अखिल भारतीय हिन्दी सम्मेलन का आयोजन।
- 1942: सोवियत संघ ने आस्ट्रेलिया के साथ अपने राजनयिक संबंध की शुरुआत की।
- 1954: बॉलीवुड की सदाबहार अभिनेत्री रेखा का जन्म।
- 1970: फिजी ने ग्रेट ब्रिटेन से आजादी हासिल की।
- 1964: टोक्यो में हुए ग्रीष्मकालीन ओलंपिक का पहली बार दूरदर्शन पर सीधा प्रसारण।
- 1970: फिजी ने स्वतंत्रता प्राप्त की।
- 1978: रोहिणी खडिलकर राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप जीतने वाली पहली महिला बनीं।
- 1980: उत्तरी अल्जीरिया के शहर अल अस्नाम में भूकंप के तगड़े झटके, 20,000 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की आशंका।
- 1986: सैन सल्वाडोर में 7.5 तीव्रता वाले भूकंप में 1,500 लोगों की मौत।
- 1991: भारत ने विश्व कैरम चैंपियनशिप में टीम खिताब जीता।

## निशाना

### तय करती पर जनता !



- कृष्णेन्द्र राय

मेहनत का फल है मिला ।
ना बस हवा हवाई ।।
हो जाती जब अति ।
है फिर जगहंसाई ।।
मिला फिर से मौका ।
जनमत का आदेश ।।
तय करती है जनता ।
कौन है विशेष ।।
है उतरना खरा ।
रखना फिर से ध्यान ।।
वरना फिर रसातल ।
आता जब गुमान ।।
अपने अपने स्तर पर ।
सबका हुआ प्रयास ।।
तय करती पर जनता ।
कौन उसे पर रास ।।

# बिहार में तीसरी धुरी बनने की कवायद पीके का नया प्र्रयोग

■ वेद विलास उनियाल

*कहीं न कहीं बिहार में सियासी ढर्रे से बदलाव की एक छटपटाहट तो दिखती है। सुराज पर अगर फोकस हो रहा है तो उसकी बड़ी वजह यह है कि प्रशांत किशोर ने गुजरात, दिल्ली, आंध्र व तमिलनाडु जैसे राज्यों में अपना हुनर दिखाया है। प्रशांत सियासत के अभिनव प्रयोग की बात जरूर कर रहे हैं लेकिन वह जानते हैं कि बिहार की सियासत में जातीय, क्षेत्रीय समीकरणों को साधे बगैर चुनावी सफलता संभव नहीं। बिहार की राजनीति में तीसरी धुरी बनने की चाह रखने वाले प्रशांत किशोर ने पार्टी की घोषणा के लिए नवरात्र के पहले दिन की प्रतीक्षा नहीं की। सीधा संकेत है कि वह धुर हिंदुत्ववादी राजनीतिक पार्टी से अपनी छवि अलग दिखाना चाहते हैं।*

बिहार की राजनीति में एक और पार्टी का उदय हुआ है। चुनावी रणनीति और चक्रव्यूह रचने वाले प्रशांत किशोर अब स्वयं अपनी पार्टी बनाकर मैदान में उतरे हैं। सुराज नाम की यह पार्टी एकाएक राजनीति के समर में नहीं उतरी है। प्रशांत किशोर ने इसके लिए लंबी तैयारी की है। पदयात्रा करके बिहार के ओर-छोर को नापा है। बिहार की सियासत के तमाम समीकरणों को अपने तराजू पर तोला है। बहरहाल, इतना तय है कि यह पार्टी अपने कुछ अलग तेवरों के साथ होगी और इसने बिहार की राजनीति में प्रभाव रखने वाली तमाम पार्टियों को इसके बारे में सोचने को विवश किया है। अभी यह भी साफ नहीं है कि यह पार्टी किसके जनाधार पर सेंध लगा सकती है। कांग्रेस आरजेडी को अपने मुस्लिम मतदाताओं को एकजुट रखने की चिंता है। बीजेपी पिछड़े और सवर्ण मतदाताओं को बिखरने नहीं देना चाहती। सत्ता में बीजेपी के साथ सहभागिता करने वाली जेडीयू को पिछड़ों, अति पिछड़ों पर अपने प्रभाव को कायम रखने की जद्दोजहद है। भारत के सियासी दलों के लिए चुनावी रणनीति तैयार करने वाले प्रशांत किशोर जब अपनी पार्टी लेकर आए हैं, तब कई तरह की कसौटियां उनके सामने भी हैं।



चुनावी रणनीति बनाना और चुनाव के समर में उतरना दो अलग-अलग पहलू हैं। चुनाव के पैंतरों को समझकर राजनीति में सब कुछ हासिल होता तो देश की सियासत को बखूबी समझने वाले राजनीतिक समीक्षक सियासत की पारियां भी खेल रहे होते। लेकिन सियासत का जमीनी संघर्ष बहुत अलग होता है। इसलिए कई सामाजिक आंदोलन करने वाले भी सियासत से जूझते रहने और सफल आंदोलनों के बाद भी खुद सियासत का हिस्सा नहीं बन पाते। साथ ही यह भी समझना होगा कि प्रशांत किशोर ने राजनीति की शुरुआत के लिए उस बिहार को चुना है जहां सियासत हमेशा उलझी हुई रही है। जातीय और क्षेत्र के उलझे समीकरण रहे हैं। ऐसा नहीं है कि केंद्र या राज्य में स्थापित हुई सियासी पार्टियों को कोई नई पार्टी चुनौती नहीं दे सकती। तेलुगू स्वाभिमान के नारे पर 1982 में एनटी रामाराव ने तेलुगूदेशम की स्थापना की थी। इसने आंध्र प्रदेश में कांग्रेस के वर्चस्व को समाप्त किया था। एनटी रामाराव की राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं थी। लेकिन कुछ ही समय में उनकी स्थापित की हुई पार्टी ने सत्ता हासिल की। आज भी आंध्र प्रदेश में तेलुगूदेशम का परचम लहरा रहा है। वर्ष 2012 में अरविंद केजरीवाल ने जिस आम आदमी पार्टी को स्थापित किया वह एक साल में ही सत्ता में आ गई थी। इस समय भी दिल्ली व पंजाब में आप की सरकार है। लेकिन इन पार्टियों की अगर बिहार में सुराज पार्टी से तुलना करें तो कुछ परिस्थितियों में अंतर दिखता है। निस्संदेह दिल्ली में आप की सफलता में अन्ना हजारे के आंदोलन का प्रताप था। भ्रष्टाचार के खिलाफ अन्ना के आंदोलन का ज्वार ऐसे उठा कि केजरीवाल और उनके साथियों को सियासत का एक प्लेटफार्म मिल गया। ऐसे में अगर बिहार की ओर देखें तो प्रशांत किशोर के सामने पार्टी को सामने रखकर जनता को झकझोरने वाला नया मुद्दा या नारा नहीं दिखता। प्रशांत किशोर सियासी बिसात बिछाने के समीकरणों को तैयार करने के मास्टर हो सकते हैं लेकिन बिहार में बड़ी उथल-पुथल के लिए उन्हें जनता को झकझोरने के लिए किसी बड़े नारे की जरूरत होगी।

बिहार की सियासी पार्टियां और राजनीतिक सूरमा इस बात का आकलन कर रहे हैं कि सुराज उन्हें कहां नुकसान पहुंचा सकती है और कहां सुराज की मौजूदगी उनके हित में हो सकती है। वहीं सुराज की कोशिश यही होगी कि वह बिहार में परिणामों से नई हलचल मचा दे। इसके लिए प्रशांत किशोर कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। प्रशांत किशोर की पार्टी निश्चित तौर पर विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। वह बिहार की सियासत में एक धुरी बनेगी, इसमें संदेह नहीं है। प्रशांत किशोर अपनी पदयात्रा में मिले जनसमर्थन से उत्साह में हैं। बिहार की इस पार्टी को हल्के में लेने की भूल कोई भी दल नहीं कर रहा। खासकर तब जबकि बिहार में महज तीन-चार प्रतिशत वोट इधर-उधर होने से खेल संभव हो जाता है। बिहार के राजनीतिक समर में सुराज के आने से बड़े दलों को अपने समीकरणों को खंगालना होगा। बड़े सियासी दलों को अच्छी तरह मालूम है कि प्रशांत किशोर पेशेवर हुनर से सियासत में उतरे हैं। कहीं न कहीं प्रशांत बिहार के जनमानस को यह संदेश देने की कोशिश करेंगे कि वह राज्य की राजनीति के परंपरागत ढर्रे को बदलने का काम करेंगे। दिल्ली में आप ने यही फार्मूला अपनाया था। प्रशांत किशोर की पूरी कोशिश होगी कि उनकी पार्टी सियासत में एक अभिनव प्रयोग के साथ सामने आयेगी। हालांकि, उन्हें चुनाव से पहले बताना होगा कि उनका नया प्रयोग क्या है। उनका फोकस खासकर बिहार की युवा पीढ़ी को अपने प्रभाव में लाने का होगा। इसके लिए उन्हें बताना होगा कि उनकी पार्टी की क्षमता क्या है। बिहार के मतदाता की राजनीतिक सूझबूझ का जवाब नहीं है। इसलिए वह केवल नारे की भावुकता में नहीं आएगा बल्कि सुराज से उनकी नीति-रणनीति जानना चाहेगा।

कहीं न कहीं बिहार में सियासी ढर्रे से बदलाव की एक छटपटाहट तो दिखती है। सुराज पर अगर फोकस हो रहा है तो उसकी बड़ी वजह यह है कि प्रशांत किशोर ने गुजरात, दिल्ली, आंध्र व तमिलनाडु जैसे राज्यों में अपना हुनर दिखाया है। प्रशांत सियासत के अभिनव प्रयोग की बात जरूर कर रहे हैं लेकिन वह जानते हैं कि बिहार की सियासत में जातीय, क्षेत्रीय समीकरणों को साधे बगैर चुनावी सफलता संभव नहीं। बिहार की राजनीति में तीसरी धुरी बनने की चाह रखने वाले प्रशांत किशोर ने पार्टी की घोषणा के लिए नवरात्र के पहले दिन की प्रतीक्षा नहीं की। सीधा संकेत है कि वह धुर हिंदुत्ववादी राजनीतिक पार्टी से अपनी छवि अलग दिखाना चाहते हैं। -साभारः लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

# शिक्षक दुनिया को बेहतर बनाने में सहायता करें

■ ललित गर्ग

विश्व शिक्षक दिवस हर साल पांच अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में मनाया जाता है। इस दिन आध्यापकों को सामान्य रूप से और कतिपय कार्यरत एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनके विशेष योगदान के लिये सम्मानित किया जाता है। इसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा साल 1966 में यूनेस्को और अंतर्राष्ट्रिय श्रम संगठन की, उस संयुक्त बैठक को याद करने के लिये मनाया जाता है, जिसमें अध्यापकों की स्थिति पर चर्चा हुई थी और इसके लिये सुझाव प्रस्तुत किये गये थे। अतः इसे 1994 के बाद से प्रतिवर्ष लगभग 100 से अधिक देशों में मनाया जा रहा है और इस प्रकार वर्ष 2024 में यह 30वाँ विश्व शिक्षक दिवस होगा। 2024 में इस दिवस की थीम है 'शिक्षकों को सशक्त बनाना, लचीलापन मजबूत करना, स्थिरता का निर्माण करना।' यह थीम इस बात पर जोर देती है कि शिक्षकों को सामाजिक जिम्मेदारी और पर्यावरण जागरूकता विकसित करने में छात्रों का समर्थन करने के लिए आवश्यक संसाधन और जानकारी देना कितना महत्वपूर्ण है।

शिक्षक उस माली के समान है, जो एक बगीचे को अलग अलग रूप-रंग के फूलों से सजाता है। जो छात्रों को कांटों पर भी मुस्कुराकर चलने के लिए प्रेरित करता है। आज शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र-निर्माण एवं शिक्षा को हर घर तक पहुंचाने के लिए तमाम सरकारी प्रयास किए जा रहे हैं। इसकी सफलता के सशक्त माध्यम शिक्षक ही है और शिक्षकों को वह सम्मान मिलना चाहिए जिसके वे हकदार हैं। विभिन्न देशों में शिक्षक दिवस अलग-अलग तारीखों को मनाया जाता है। भारत के राष्ट्रपति, महान दार्शनिक, चिन्तक, शिक्षाशास्त्री डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को 5 सितम्बर को पूरे देश में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में प्राचीन काल में शिक्षा का उद्देश्य 'सा विद्या या विमुक्तये' रहा अर्थात् विद्या वही है, जो मुक्ति दिलाए। आज शिक्षा का उद्देश्य 'सा विद्या या नियुक्तये' हो गया है अर्थात् विद्या वही जो नियुक्ति दिलाए। इस दृष्टि से शिक्षा के बदलते अर्थ ने समाज की मानसिकता को बदल दिया है। यही कारण है कि आज समाज में लोग केवल शिक्षित होना चाहते हैं, सुशिक्षित नहीं बनना चाहते। वे चाहते हैं कि ज्ञान का सीधा संबंध उनके अर्थोपार्जन से ही है। जिस ज्ञान से अधिक से अधिक धन और उच्च पद को ग्रहण किया जाए वही शिक्षा कारगर है। पर चिंता का विषय है कि भारत के शिक्षक ही आज इसकी उपेक्षा कर रहे हैं। ऐसा लगता है, मानो उनका लक्ष्य केवल बौद्धिक विकास ही है। अब शिक्षक के लिये शिक्षा एक मिशन न होकर व्यवसाय हो गयी है। इन स्थितियों से शिक्षकों को बाहर निकलने में नई शिक्षा नीति से बहुत अपेक्षाएं है।

विश्व शिक्षक दिवस उन समर्पित शिक्षकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है जो अगली पीढ़ी के दिमाग को आकार देते हैं और ज्ञान देते हैं। यह विश्वव्यापी उत्सव शिक्षकों को उनके अमूल्य प्रयासों और



भावी पीढ़ियों को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका के लिए सम्मानित करता है। इस दिन, हम रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और आजीवन सीखने को प्रोत्साहित करके बच्चों के दिमाग और भविष्य को विकसित करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को याद करते हैं। यह उन कठिनाइयों की ओर ध्यान आकर्षित करता है जिनका वे सामना करते हैं और अपनी विशेषज्ञता को साझा करने और खुद को विकसित करने के लिए जो प्रतिबद्धता दिखाते हैं। अपनी प्रतिबद्धता और जुनून के माध्यम से, शिक्षक न केवल ज्ञान प्रदान करते हैं बल्कि मूल्यों को भी स्थापित करते हैं, जिससे पूरे समाज पर एक स्थायी प्रभाव पड़ता है।

आज की शिक्षा मिशन न होकर, व्यवसाय बन गयी है। तमाम शिक्षक एवं शिक्षालय अपने ज्ञान की बोली लगाने लगे हैं। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देखें तो गुरु-शिष्य की परंपरा कहीं न कहीं कलंकित हो रही है। आए दिन शिक्षकों द्वारा छात्रों एवं छात्रों द्वारा शिक्षकों के साथ दुव्यर्वहार, मारपीट एवं अनुशासनहीनता की खबरें सुनने को मिलती हैं। इसे देखकर हमारी संस्कृति की इस अमूल्य गुरु-शिष्य परंपरा पर प्रश्नचिह्न लगने लगे है। विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों का ही दायित्व है कि वे इस महान परंपरा को बेहतर ढंग से समझें और एक अच्छे समाज के निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें। विश्व शिक्षक दिवस एक अवसर है जब हम धुंधली होती शिक्षक की आदर्श परम्परा एवं शिक्षा को परिष्कृत करने और जिम्मेदार व्यक्तियों का निर्माण करने की दिशा में नयी शिक्षा नीति के अन्तर्गत ठोस कार्य करें। 'गुरु' का हर किसी के जीवन में बहुत महत्व होता है। समाज में भी उनका अपना एक विशिष्ट स्थान होता है।

वर्तमान समय में शिक्षक की भूमिका भले ही बदली हो, लेकिन उनका महत्व एवं व्यक्तित्व-निर्माण की जिम्मेदारी अधिक प्रासंगिक हुई है। क्योंकि सर्वतोमुखी योग्यता की अभिवृद्धि के बिना युग के साथ चलना और अपने आपको टिकाए रखना अत्यंत कठिन होता है। फौलाद-सा संकल्प और सब कुछ करने का सामर्थ्य ही व्यक्तित्व में निखार ला सकता है। शिक्षक ही ऐसे व्यक्तित्वों का निर्माण करते हैं। महात्मा गांधी के अनुसार सर्वांगीण विकास का तात्पर्य है- आत्मा, मस्तिष्क, वाणी और कर्म-इन सबके विकास में संतुलन बना रहे। स्वामी विवेकानंद के अनुसार सर्वांगीण विकास का अर्थ है- हृदय से विशाल, मन से उच्च और कर्म से महान। सर्वांगीण व्यक्तित्व के विकास हेतु शिक्षक आचार, संस्कार, व्यवहार और विचार- इन सबका परिमार्जन करने का प्रयत्न करते रहते थे। शिक्षकों पर इस दुनिया में सबसे प्रेरक काम और एक बड़ी जिम्मेदारी है। शिक्षक ज्ञान का भंडार हैं जो अपने शिष्यों को अपना ज्ञान देने में विश्वास करते हैं जिससे उनके शिष्य भविष्य में दुनिया को बेहतर बनाने में सहायता कर सकेंगे। इससे ऐसी पीढ़ी निर्मित होगी जो उज्ज्वल और बुद्धिमान हो तथा वह जो दुनिया को उसी तरीके से समझे जैसी यह है और जो भावनाओं से नहीं बल्कि तर्क और तथ्यों से प्रेरित हो।

आदर्श अध्यापक के कर्तव्य है कि उनके व्यवहार में नम्रता एवं विनम्रता का भाव हो, उनमें सहजता गंभीरता एवं विद्वता झलकता हो ,उनकी वाणी ऐसी हो कि बच्चे के मन को जीत ले। वैसे तो शिक्षक का पद अत्यंत गरिमा पूर्ण होता है, क्योकिं ''जिस प्रकार खेती के लिए बीज, खाद एवं उपकरण के रहते हुए, अगर किसान नहीं हैं, तो सब बेकार है। उसी प्रकार विद्यालय के भवन, शिक्षण सामग्री एवं छात्रों के होते हुए, शिक्षक नहीं हैं तो सब बेकार है।'' एक शिल्पकार प्रतिमा बनाने के लिए जैसे पत्थर को कहीं काटता है, कहीं छांटता है, कहीं तल को चिकना करता है, कहीं तराशता है तथा कहीं आवृत को अनावृत करता है, वैसे ही हर शिक्षक अपने विद्यार्थी के व्यक्तित्व को तराशकर उसे महनीय और सुघड़ रूप प्रदान करते हैं। हर पल उनकी शिक्षाएं प्रेरणा के रूप में, शक्ति के रूप में, संस्कार के रूप में जीवंत रहती हैं। महान् दार्शनिक आचार्य महाप्रज्ञ के शब्दों में -'व्यक्तित्व-निर्माण का कार्य अत्यन्त कठिन है। निःस्वार्थी और जागरूक शिक्षक ही किसी दूसरे व्यक्तित्व का निर्माण कर सकता है।' हमने सुपर-30 फिल्म में एक शिक्षक के जुनून को देखा। इस फिल्म में प्रो. आनन्द के शिक्षा-आन्दोलन को प्रभावी ढंग से प्रस्तुति दी गयी है, जो विश्व परिप्रेक्ष्य में उपयोगी है।

विश्व शिक्षक दिवस का उद्देश्य मानवता को बढ़ावा देने, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा देने और भविष्य के नेताओं को तैयार करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानना है। यह शिक्षकों के सामने आने वाली कठिनाइयों पर विचार करने और दुनिया भर में शिक्षकों के लिए अधिक धन, तैयारी और सम्मान के लिए दबाव बनाने का अवसर है। आज शिक्षक एवं शिक्षा का महत्व ज्यादा है। जैसाकि महात्मा गांधी ने कहा था-एक स्कूल खुलेगी तो सौ जेलें बंद होंगी। पर आज उल्टा हो रहा है। स्कूलों की संख्या बढ़ने के साथ जेलों के स्थान छोटे पड़ रहे हैं। जेलों की संख्या भी उसी अनुपात में बढ़ रही है। स्पष्ट है- हिंसा और अपराधों की वृद्धि में वर्तमान शिक्षा प्रणाली एवं शिक्षक भी एक सीमा तक जिम्मेदार है। अशिक्षित और मूर्ख की अपेक्षा शिक्षित और बुद्धिमान अधिक अपराध कर रहे हैं। वह अपने पापों और दोषों पर आवरण डालने हेतु अधिक युक्तियां सोच सकते हैं। इस स्थिति के लिये शिक्षक ही जिम्मेदार है।

-साभार

**हजारों की संख्या में दर्शन करने आ रहे हैं श्रद्धालु**

# आस्था और श्रद्धा का केंद्र बना शीतला माता मंदिर



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

तहसील सहित नगर और ग्रामीण अंचलों में इन दिनों आदीशक्ति भवानी की आराधना का पर्व शारदीय नवरात्रि को धूमधाम और बड़ी ही श्रद्धा भाव से मनाया जा रहा है। जगह जगह भजन कीर्तन गरवा नृत्य सहित धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। तो वहीं मराठा कालीन प्राचीन शीतला माता मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। नगर का प्राचीन शीतला माता मन्दिर करीब आठ सौ साल से ज्यादा पुराना मन्दिर है इस मंदिर में मराठा कालीन प्रतिमा की स्थापना है जिसमें अदभुद चमत्कार देखने को मिलता है।



मंदिर में विराजमान मातारानी - के दर्शन करने मात्र से ही भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी - होती है। ऐसा बताया जाता है कि मंदिर वाली जगह पर पहले घना जंगल हुआ करता था जहां पर मन्दिर में माता के दर्शन करने शेर आता था इस मंदिर को शेर - बाला मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। आस्था का केन्द्र माने जाने वाले इस प्राचीन मंदिर में दूर-दूर से लोग दर्शन करने आते है और सुख और समृद्धि के लिए मन्नतें मानते है।

माता रानी पलभर में भक्तों की इच्छा पूरी करती है। माना जाता है कि मराठा काल में कुछ मराठा यहां पर आकर रूके थे जिन्होंने पत्थरों को एकत्रित कर शीतला माता के रूप में पूजा अर्चना की और मराठाओं ने यहां से जाते बक्त उन पत्थरों को ले जाना चाहा परन्तु बहां से बह पत्थर जरा भी नही हिले। मराठाओं ने उन्हें उसी स्थान पर छोडकर चले गए और माताजी हमेशा के लिए इसी स्थान पर स्थापित हो गई तभी से माताजी की पूजा अर्चना निरन्तर जारी है। प्राचीन मंदिर को सन 2007 में जीर्णोद्धार कर नए मंदिर का निर्माण कराया जिसमें नई दक्षिण शैली की नक्काशी और संस्कृति की झलक देखने को मिलती।

पंचमी के दिन माता रानी को पान का बीड़ा चढ़ाया गया और शाम को 56 भोग का आयोजन किया गया पंचमी के दिन से से ही मंदिर के गर्भगृह मैं स्थापित किए गए 191 कलश और घट स्थापना में अखंड जोत के भी श्रद्धालुओं को दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त होता है।

# भैरोपुर सोसाइटी नहीं कर रही हम्माली का 6 लाख 30 हजार रुपए का भुगतान



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

भैरोपुर सहकारी समिति में ग्रामणों और किसानों द्वारा समिति प्रबंधक के ऊपर जमकर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे हैं। समिति में हुए भारी भरकम भ्रष्टाचार की शिकायत ग्रामीणों द्वारा लगातार कलेक्टर कमिश्नर सहित उच्च अधिकारियों से की जा रही है जो किसानों की वास्तविक समस्या है इस और प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को किसानों की ज्वलंत समस्या को ध्यान में रखते हुए भैरोपुर सेवा सहकारी समिति की ओर आज ध्यान देने की अति आवश्यकता है जिसके लिए जनता का जो विश्वास सरकार पर बना है उस पर आप खरे उतर सको ऐसा भैरपुर समिति के किसानों और ग्रामीणों का मनना है। जहां भैरोपुर सेवा सहकारी समिति में भ्रष्टाचार के नए-नए मामले सामने आ रहे हैं ऐसा ही एक नया मामला जनसुनवाई के दौरान सामने आया।



**जनसुनवाई में जहरीला पदार्थ लेकर पहुंचा पीड़ित आत्महत्या करने के लिए मजबूर**

जनपद सभागार में मंगलवार दोपहर जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमे कुल 8 आवेदन प्राप्त हुए वही जनसुनवाई में मुकेश तंवर नामक युवक ने आवेदन दिया। जिसमे उन्होंने सेवा सहकारी समिति से हम्माली का भुगतान कराये जाने की मांग की। उन्होंने बताया की 2 साल से मै भुगतान के लिए चक्कर काट रहा हूँ यदि मेरे रुपयों का भुगतान नहीं किया गया तो मुझे आत्महत्या करने के लिए विवश होना पड़ेगा। उक्त युवक जनसुनवाई में अपने साथ जहरीला पदार्थ भी लेकर पहुंचा था।

शिकायतकर्ता मुकेश तंवर ने बताया की मेरे द्वारा वर्ष 2021-22 में तुलाई हेतु हम्माल की व्यवस्था सेवा सहकारी समिति भैरोपुर को कराई गई थी। मजदूरो का कुल भुगतान 16,35,610 रु. सेवा सहकारी समिति द्वारा मुझे प्रदाय किया जाना था। मुझे 10,5610 रु. का भुगतान किया गया, 10 लाख रूपये मेरे बचत खाते जिला सहकारी बैंक बानापुरा में किया गया वहीं 5610 रू. नगद रूप में भुगतान किया गया। 6,30,000 रु. का भुगतान मुझे प्रदान नहीं किया जा रहा है। जो हम्माल मेरे द्वारा उपलब्ध कराये गये थे वो मुझे धमकी देते है वो मुझे आत्महत्या जैसा कदम उठाने की बात मुझसे करते है। मैं अत्यंत परेशान हूँ। इस संबंध में समिति प्रबंधक राजेन्द्र लोवशी के ससुर जो की भारतीय किसान संघ के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष है रामभरोस बसोतिया एवं तत्कालीक जिला सहकारी बैंक मैनेजर हरीप्रसाद बेड़ा के समक्ष भुगतान संबंधी चर्चा हुई थी। मुझे 15 दिन का आश्वासन दिया गया था परन्तु इसके बाद भी मुझे भुगतान प्राप्त नहीं हुआ। भुगतान के सबंध में मेरे द्वारा मुख्यमंत्री सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत की गई। इस बारे में प्रभारी तहसीलदार नितिन राय ने बताया की शिकायत आज प्राप्त हुई है सम्बन्धित विभाग को शिकायत दे दी गई है जल्द ही उसका निराकरण कर दिया जाएगा।

**अब विदेश में बैठा व्यक्ति भी देश के विरुद्ध अपराध करने पर बच नहीं पाएगा**

# नवीन कानून में ऐसे छह प्रकार के दंड जिनमें सामुदायिक सेवा का प्रावधान

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

1 जुलाई 2024 से देश में लागू तीन नवीन कानून के अंतर्गत प्रावधान किया गया है कि विदेश में बैठा कोई व्यक्ति यदि भारत राष्ट्र के विरुध अपराध करता है या देश में अपराध करके विदेश में चला जाता है तो उस व्यक्ति के विरुध भी दंड का प्रावधान अधिरोपित किया गया है। उस व्यक्ति को प्रत्यारोपित कर दंडित किया जाएगा। देश में उसके खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया जाएगा। उसे नवीन कानून के अनुसार दंडित किया जाएगा। भारतीय न्याय संहिता की धारा 48 में यह प्रावधान है की विदेश में बैठकर कोई व्यक्ति देश के विरुध अपराध करता है तो इस धारा के तहत उसे पर कार्रवाई की जाएगी। उक्त जानकारी जिला अभियोजन अधिकारी राजकुमार नेमा ने मंगलवार को जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने के लिए आयोजित हुई तीन नवीन कानून की कार्यशाला में दी। जिला अभियोजन अधिकारी ने 1 जुलाई 2024 से देश में प्रभावशील हुए तीन नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 के संबंध में जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी।



श्री नेमा ने बताया कि अब पहली बार कानून में प्रावधान किया गया है। धारा 4 लागू की गई है, जिसमें छह प्रकार के ऐसे दंड है जिनमे सामुदायिक सेवा का प्रावधान किया गया है। यदि व्यक्ति छ प्रकार के अपराध करता है तो उसे दंड देने की बजाय सामुदायिक सेवा का अवसर दिया जाता है।

श्री नेमा ने भारतीय न्याय संहिता 2023 में जोड़ी गई नवीन परिभाषाओं से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जेंडर में पहली बार महिला एवं पुरुष के अलावा थर्ड जेंडर उभयलिंग अर्थात ट्रांसजेंडर को शामिल किया गया है। श्री नेमा ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 में सम्मिलित नवीन अपराध के अंतर्गत यदी किशोरी के विरुद्ध कोई लैंगिक अपराध होता है और किशोरी इसकी शिकायत करती है, तो संबंधित व्यक्ति के विरुध अपराध कायम होगा और उसे सजा भी दी जाएगी। पहली बार कानून में गैंगरैप जैसा अपराध करने पर मृत्यु दंड का प्रावधान किया गया है। साथ ही गैंग रेप में सहयोग करने वाले भी मृत्युदंड के भागी होंगे। श्री नेमा ने बताया कि तीन कानून के अनुसार यदि अपराधी अपराध करने के लिए किसी बच्चे का सहयोग लेता है या किसी बच्चे को भाड़े पर लेता है तो संबंधित अपराधी को दंड से दंडित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि माव लिंचिंग पर भी नया कानून बनाया गया है, यदि कोई पांच व्यक्ति या समूह माव लिचिंग करता है तो मृत्यु दंड का प्रावधान किया गया है। माव लिंचिंग चाहे तात्कालिक रूप से हो या पूर्ण नियोजित दोनों में ही मृत्यु दंड का प्रावधान किया गया है। धारा 106 ( दो ) के अंतर्गत यदि वाहन दुर्घटना होती है और उसमें किसी की मृत्यु हो जाती है या व्यक्ति घायल होता है तो वाहन चालक को थाने में सूचना देनी होगी की वाहन दुर्घटना हो गई है, एक्सीडेंट हो गया है। सामने वाला घायल है या उसकी मृत्यु हो गई है। लेकिन इस कानून का देश भर में वाहन चालकों द्वारा विरोध करने पर इस कानून को फिलहाल रोक दिया गया है। श्री नेमा ने संगठित अपराध के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यदि कोई संगठित अपराध करता है इसमें भी मृत्यु दंड का प्रावधान किया गया है। श्री नेमा ने जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी कि आत्महत्या पहले अपराध था, लेकिन अब सामान्य आत्महत्या अपराध नहीं है। अपराध का प्रावधान हटा दिया गया है। लेकिन किसी कार्य को करने के लिए दबाव बनाने के लिए, ब्लैकमेल करने के लिए आत्महत्या का प्रयास किया जाता है तो धारा 226 के तहत यह अपराध है।

उन्होंने बताया कि अब इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस को भी मान्यता दी गई है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं इसमें 24 धाराओं में बदलाव किया गया है। दो नई उपधारा जोड़ी गई है, तथा 6 धाराओं को हटाया गया है। अब धारा 2 ( 1 ) ई में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को भी मान्य किया गया है। इसमें इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के कोई भी कथन को शामिल किया गया है इसमें गवाह हो, अभियुक्त विशेषज्ञों और पीड़ितों के द्वारा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत किए गए साक्ष्य को वैधता प्रदान की गई है। इस धारा के द्वारा दस्तावेज साक्षी के रूप में इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल अभिलेख को सम्मिलित किया गया है। जिससे इन अभिलेखों की साक्ष्य प्रस्तुति और ग्राहकता सुलभ होगी। भारतीय न्याय संहिता के खंड 43 (3) के तहत किसी ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार करते समय या न्यायालय के समक्ष पेश करते समय हथकड़ी लगाने का प्रावधान है जो पहले भी भाग चुका है या हिंसक है।श्री नेमा ने बताया कि देश में नवीन संहिता की आवश्यकता इसलिए पड़ी की पुरानी दंड संहिता का औपनिवेशिक चरित्र था, साथ ही देश में विधि व्यवस्था मजबूत करने की आवश्यकता थी। साथ ही पुराने कानून की जटिलता को दूर करना भी शामिल था।

## नर्मदा कॉलेज में मद्य निषेध सप्ताह के तहत निबंध लेखन और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए



**नर्मदापुरम।** नर्मदा कॉलेज में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें कविता गायन भाषण नाटक एवं नशा मुक्ति की शपथ ली।साथ ही निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें धर्मेंद्र कटारे प्रथम शुभी जोशी द्वितीय तथा मनीष तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम की संयोजक डॉ कल्पना विश्वास ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में जो छात्र छात्राएं नशे से दूर रहते हैं वे अपना लक्ष्य प्राप्त कर लेते हैं। प्राचार्य डॉ. अमिता जोशी ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि हर मानव के अंदर कुछ खास गुण होते हैं मनोरंजन के लिए नशा करने के स्थान पर हमें अपने अंदर के हुनर को निखारने का प्रयत्न करना चाहिए। डॉ. हंसा व्यास ने मेहनत और सफलता को नशा बताया। मनोज सिंह ठाकुर ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। संचालन डॉ मनीष परिहार का और आभार श्रीमती नित्या पटैरिया ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ सविता गुप्ता, डॉ यास्मीन खान, डॉ सुनील दिवाकर, डॉ मीनाक्षी ठाकुर, डॉ शोभा बिसेन, डॉ रुपा भावसार, डॉ मनीषा ठाकुर, श्रीमती मेघा रावत सुश्री रीनू वर्मा, और देवांश बैरागी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में पल्लवी जाट, रिया कुमारी, साक्षी ,अमन ,पाखी, तेजस्विनी, मनोज टेकाम सहित अनेक विद्यार्थी एवं एन सी सी के कैडेट्स उपस्थित रहे।

## मुख्य मंत्री के नाम कृषि विस्तार अधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन..



**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ के प्रांतीय आवाहन पर 6 सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री मध्य प्रदेश शासन को संबोधित मांग पत्र राजेश चौरे प्रदेश उपाध्यक्ष कृषि विस्तार अधिकारी संघ के नेतृत्व में अपर कलेक्टर डी के सिंह को सौंपा.श्री चौरे ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 10 वर्षों से अधिक समय से शासन स्तर पर लंबित मांगों को लेकर आज पूरे प्रदेश में उक्त ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से संगठन के द्वारा दिया गया है जिसमें प्रमुख मांग है कृषि विस्तार अधिकारियों को रू. 2800 ग्रेड पे , कृषि विस्तार अधिकारी जिस पद पर भर्ती होता है उसी पर सेवानिवृत हो जाता है सभी विभागों में उच्च प्रभार के माध्यम से पदोन्नति की जा रही है विभाग में भी उच्च प्रभार की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए, नव नियुक्त कृषि विस्तार अधिकारियों को प्रथम वर्ष 70 प्रतिशत द्वितीय वर्ष 80 प्रतिशत, तृतीय वर्ष 90 प्रतिशत एवं चतुर्थ वर्ष 100 प्रतिशत वेतन के स्थान पर 100 प्रतिशत वेतन एवं दो वर्ष की परीक्षा अवधि के आदेश जारी किए जाएं। ज्ञापन में उपस्थित प्रतिनिधियों में प्रमुख है राजेश रिछारिया जिला अध्यक्ष, बी एस तोमर, एन के उमरे, ओ पी मालवीय, पी के पांडे, बृजेश ऊईक, राजकुमार ऊईके, अशोक सोनी आदि उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर**

**जनसुनवाई कार्यक्रम में 113 आवेदनों आए..**

# अधिकारियों को शीघ्र समस्या निराकरण के लिए दिए निर्देश

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर कार्यालय के जनसुनवाई कक्ष में आयोजित जनसुनवाई में आम जनता की समस्याओं को सुनने के लिए जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के सुदूर क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आये लोगों ने अपनी समस्याओं को कलेक्टर के समक्ष रखा।



कलेक्टर ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को इनका शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कुल 113 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें भूमि विवाद, पेंशन संबंधी मुद्दे, स्वास्थ्य सुविधाएं, रोजगार और अन्य विभिन्न विषय शामिल थे। कलेक्टर ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सभी आवेदनों का समय सीमा के भीतर नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित करें।

कई लोगों ने भूमि विवाद से संबंधित समस्याएं रखीं। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को इन मामलों में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कई पेंशनभोगियों ने अपनी पेंशन में देरी होने की शिकायत की। कलेक्टर ने संबंधित विभाग को इस मामले में जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कुछ लोगों ने स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित समस्याएं रखीं। कलेक्टर ने संबंधित विभाग को इन समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में नर्मदापुरम नजूल शाखा से सेवा निवृत चमन धनीराम पासी द्वारा सेवानिवृत्ति दिनांक से वार्षिक वेतन वृद्धि के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदन में बताया गया कि उनको वेतन वृद्धि के लाभ दिए जाने के लिए उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा भी आदेश पारित किया गया है। धनीराम पासी ने कलेक्टर से उक्त संबंध में कार्रवाई करते हुए उन्हें वेतन वृद्धि लाभ प्रदान किए जाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने भू अभिलेख शाखा को उक्त प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करने एवं नियम अनुसार लाभ प्रदान किए जाने के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार कलेक्टर ने तहसीलदार पिपरिया को बनखेड़ी निवासी नर्मदा प्रसाद के आवेदन जिस पर उन्होंने किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उनके स्वामित्व की कृषि भूमि पर उपज फसल को नष्ट करवाए जाने के आवेदन के संबंध में जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने नर्मदापुरम तहसील के ग्राम रायपुर निवासी दामोदर प्रसाद अहिरवार के पीएम आवास योजना के प्रकरण के संबंध में संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया है कि उक्त संबंध में सर्वे करवा तथा अगर आवेदनकर्ता पीएम आवास के लिए पत्र है तो शीघ्र ही योजना के लाभ से उन्हें लाभान्वित करवाया जाए।

कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत माखन नगर को निर्देशित किया है कि ग्राम नसीराबाद के हरगोविंद अहिरवार के आवेदन जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के ऑनलाइन पंजीयन ना होने से लाभ न मिलने की शिकायत के आवेदन को जांच कर आवेदनकर्ता की पात्रता अनुसार उन्हें आवास योजना का लाभ दिलवाए जाने के लिए का लाभ दिलवाए जाए।

### बसंती बाई ने आर्थिक सहायता के लिए कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया आवेदन

एक अन्य प्रकरण जिसमें नर्मदापुरम तहसील के ग्राम घानाबड़ निवासी श्रीमती बसंती बाई ने आर्थिक सहायता के लिए कलेक्टर के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने बताया कि वह एवं उनके पति दैनिक मजदूरी कर अपना पेट पालते हैं तथा शासन की पेंशन योजना का लाभ मिलने से उनकी काफी सहायता होगी। कलेक्टर ने उक्त प्रकरण में त्वरित संज्ञान लेते हुए जनपद सीईओ नर्मदापुरम को निर्देशित किया है कि आवेदनकर्ता के प्रकरण की जांच कर पात्रता अनुसार पेंशन योजना का लाभ प्रदान करने के लिए कार्यवाही करें। ग्राम पढ़रई ठाकुर तहसील बनखेड़ी की महिलाओं द्वारा ग्राम में अवैध शराब व्यापार एवं सामाजिक तत्वों द्वारा उपद्रव करने के संबंध में कलेक्टर से शिकायत की गई। कलेक्टर ने उक्त संबंध में जिला आबकारी अधिकारी को त्वरित रूप स्थल निरीक्षण कर समस्या के निराकरण के लिए कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### प्रशासन की चेतावनी के बाद खुले में मांस विक्रय करने वालों पर कार्रवाई

# नगर पालिका का स्वास्थ्य अमला हुआ सख्त, प्रशासन ने की चालानी कार्रवाई

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगरीय क्षेत्र में नवरात्रि के त्यौहार के दौरान खुले में मांस विक्रय नहीं करने की चेतावनी नगर पालिका प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा सभी मांस विक्रेताओं को दी गई थी एवं शांति शांति समिति की बैठक में भी लोगों ने खुले में मांस विक्रय करने वालों पर कार्रवाई की मांग की थी इसके बाद एसडीएम हर्षल चौधरी ने नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू और स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना को संबंधित मांस विक्रेताओं को पूरी सावधानी और दुकानों में पर्दे लगाकर ही मांस विक्रय करने के लिए निर्देशित किया था इसके बाद भी कई दुकानदारों के द्वारा खुले में मांस विक्रय करने का काम किया था पर्दे भी नहीं लगाई जा रहे थे साफ-सफाई नहीं की जा रही थीं त्यौहार में भी लापरवाही देखने को मिल रही थी।



इसके बाद नगर पालिका के अमले ने मंगलवार को नगर में जितने भी मांस की बिक्री कर रहे उनकी दुकानों की जांच करना प्रारंभ कर दिया जिसके चलते कई विक्रेताओं में हड़कंप भी मच गया बिना लाइसेंस के बेचने बालों तो अपनी दुकानें को बंद करके गायब हो गए। वहीं पहले दिन 18 दुकानों की जांच के बाद लापरवाही मिलने पर3700 की चालानी कार्रवाई करते हुए राशि वसूली एवं जांच अधिकारियों ने संबंधित मांस मछली विक्रेताओं को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि किसी के द्वारा भी गंदगी और बिना पर्दे के खुले में मांस की बिक्री की गई तो उसके लाइसेंस भी निरस्त कर दिया जाएगा और कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी शासन की गाइडलाइन का पालन सभी को करना होगा किसी भी तरह की अनदेखी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा दूसरी ओर जैसे ही नगर पालिका के अमले के द्वारा जांच प्रारंभ की गई तो जिन मांस विक्रेताओं के द्वारा बिना लाइसेंस के इस कारोबार को अंजाम दिया जा रहा था वह अपनी दुकान में बंद करके चलते बने क्योंकि शहर में आज भी कई मांस विक्रेताओं के द्वारा बिना लाइसेंस के ही विक्रय किया जा रहा है कुछ ऐसे भी हैं जिनके द्वारा सार्वजनिक स्थानों के आसपास भी मांस मछली की विक्रय करके लोगों की भावनाओं को अहत करने का काम किया जा रहा था तथा बार-बार निर्देश के बाद भी खुले में मांस विक्रय किया जा रहा था साफ सफाई का इंतजाम नहीं था पर्दे भी नहीं लगाया जा रहे थे। इसके बाद लोगों की शिकायत के बाद नगर पालिका प्रशासन ने अपनी कार्यवाही को अंजाम देते हुए चालानी कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

इसके अलावा भविष्य में लापरवाही मिलने पर और भी कठोर कार्रवाई की जाएगी जिसमें लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी। स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना ने बताया कि पहले दिन 18 दुकानों की जांच अमले के द्वारा करते हुए 3700 जुर्माना भी वसूल है साथ ही भविष्य मैं शिकायत मिलने पर लाइसेंस निरस्त करने के साथ ही कठोरता कार्रवाई की जाएगी बगैर लाइसेंस की यदि कोई भी मांस विक्रय करता है तो उनके खिलाफ प्रकरण भी दर्ज करवाए जाएंगे लगातार जांच हमारी जारी रहेगी। इसके अलावा ग्रामीण अंचलों में भी बगैर लाइसेंस के खुले में मांस विक्रय करने का काम किया जा रहा है। इनकी भी जांच करके प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए कई विक्रेताओं के द्वारा सड़कों पर ही गंदगी करने का काम किया जाता है। इसके कारण सबसे ज्यादा परेशानी धार्मिक प्रवृत्ति के लोगों को परेशानी होती है।

## हरियाणा में सरकार बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

हरियाणा राज्य के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत मिलने पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जोरदार आतिशबाजी करते हुए जश्न मनाया। इस मौके पर भाजपा नेताओं ने मिठाईयां बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने पर नगर मंडल सिरोंज के नेताओं एवं कार्यकर्ता परिणाम घोषित हो जाने के बाद देर शाम नगर पालिका प्रांगण में एकत्रित हुए। यहां से सभी कार्यकर्ता एक जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए स्थानीय बस स्टेंड पहुंचे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनने से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने तात्या टोपे की प्रतिमा के सामने जोरदार आतिशबाजी की। इस दौरान कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता रमेश यादव ने इसे विकास और विश्वास की जीत बताते हुए कहा की कांग्रेस सहित विपक्ष के अनेक दल जो भाजपा को नीचा दिखाना चाहते थे उनको जनता ने करारा जवाब दिया है। हरियाणा की जनता ने राहुल गांधी की खेतों में जलेबी की फैक्ट्री के जुमले और जातिवाद से परे जाकर राष्ट्रहित में मोदी जी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सैनी जी को पुनः विकास के लिए सत्ता की चाबी सौपी है उन्होंने विधायक उमाकांत शर्मा की और से सभी नागरिकों को शुभकामनाएं भी प्रेषित की। इस मौके पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव ने कहा की जनता ने कांग्रेस और आपियो के राष्ट्रविरोधी मंसूबों को ध्वस्त किया है और हरियाणा राज्य में पहली बार लगातार तीसरी बार भाजपा को सरकार बनाने के लिए अपना आशीर्वाद प्रदान किया है। अंत में आभार मंडल के अध्यक्ष पारस तारण ने व्यक्त किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, राकेश पालीवाल, सचिन शर्मा, अनिल यादव, नरेंद्र पाटीदार आदि के साथ कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना के तहत मृतक की पत्नी चंदा बाई को जनपद अध्यक्ष ने सौंपा चेक

**सिरोंज।** अनुविभाग सिरोंज के अंतर्गत बलवान सिंह पुत्र मोहर सिंह यादव की मृत्यु कृषि कार्य करते समय हो जाने से मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना 2008 के तहत मृतक के वैद वारसन उनकी पत्नी श्रीमती चंदाबाई निवासी ग्राम रामपुर तहसील सिरोंज को चार लाख चार हजार रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि का चेक पुष्पा हमीर सिंह यादव अध्यक्ष जनपद अध्यक्ष सिरोंज अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हर्षल चौधरी सिरोंज की उपस्थिति में प्रदाय किया गया।



## बीजासन देवी के दरबार में गूंजे भजन, भक्तों ने लगाए जयकारे

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

रविवार को नवरात्र के अवसर पर इन दिनों देर रात तक मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान और भजनों का दौर चल रहा है। नगर के वार्ड 18 में मां बीजासन दरबार में रोजाना देवी भजनों की गूंज सुनाई दे रही है। नवरात्र के 4 दिन भी मंदिर में महिलाओं द्वारा भजन गाए गए।



मंदिर के पुजारी पं. ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि माता के दरबार में रोजाना श्रद्धालु महिलाओं द्वारा भजन किए जा रहे है। कार्यक्रम में रचना शर्मा, रेखा बिंदल, रोली शर्मा, मोहिनी, रेखा नेमा, राधा रानी मंगल, सुशीला मंगल, किशोरी मंगल, शीला मंगल, शोभा शर्मा, अनुराधा नेमा एवं महिला मंडल मौजूद रहा।

## साप्ताहिक जनसुनवाई में फसल कटाई के चलते ज्यादा संख्या में नहीं पहुंच रहे आवेदक

**सिरोंज।** साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन तहसील के वी सी कक्ष में आयोजित की गई जनसुनवाई एसडीएम हर्षल चौधरी के द्वारा सुनी गई जिसमें राशन पर्ची प्रधानमंत्री आवास योजना की कुटीर प्रदान करने की मांग की गई है। ग्राम सुगन्याई निवासी गुड्डी भाई आदिवासी ने आवेदन देकर मांग की है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कुटी रही है प्रार्थी को कुटीर नहीं मिली है जबकि अन्य लोगों को कुटीर मिल चुकी है प्रार्थी का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची नाम जोड़कर आवास प्रदान किया जाए। वही मूलचंद पुत्र हिम्मत सिंह जाति नामदेव ग्राम महुआ खेड़ा पृथ्वीराज ने आवेदन में लेख किया है कि प्रार्थी के भाइयों द्वारा अपने घर का गंदा पानी का निकास ना बनाकर प्रार्थी के घर के पीछे पानी भरने एवं प्रार्थी द्वारा विरोध करने पर गली क्लोज करने मारने की धमकी देते हैं। गंदा पानी प्रार्थी की दीवार तक पहुंच रहा है जिससे दीवार में सीलन बैठ रही है । इस दौरान तहसीलदार संजय चौरसिया नायब तहसीलदार श्री अग्रवाल नगर पालिका प्रभारी सीएमओ राम प्रकाश साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक प्रकरण में नगद इनाम की घोषणा

**सिरोंज।** विदिशा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के द्वारा फरार आरोपियों के एक प्रकरण में सूचना देने वालो को एक-एक हजार रूपए की नगद राशि देने की उद्घोषणा की है। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा। पुलिस अधीक्षक शुक्ला के द्वारा जारी इनाम उदघोषणा आदेश में उल्लेख है कि थाना कोतवाली में दर्ज अपराध क्रमांक 613/24 के फरार आरोपी शोहेल, अब्दुल्ला, अली नायक, सद्दू, बिट्टू एवं अन्य साथी सर्व निवासीगण विदिशा की सूचना देने वाले को एक-एक हजार रूपए की नगद राशि इनाम देने की घोषणा की है।

## ब्रज मेमोरियल स्कूल में मनाया गया सेना दिवस, देश की सेवा सबसे बड़ा धर्म-पालीवाल

**सिरोंज।** मंगलवार को वायु सेना दिवस पर ब्रज में मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसमें। विशेष अतिथि के रूप में आए महाराज सिंह रघुवंशी ने कहा कि जब हम लोग अपने घरों में आराम से रहते हैं तब वायु सेना के जवान अपनी जान की चिंता किए बगैर हमारी रक्षा के लिए काम करते हैं आज वायु सेना थल सेना जल सेना में जाने के लिए सरकार और वायु सेवा बहुत मदद कर रही है यदि कोई जाना चाहता है तो वह अपनी जानकारी दें हम पूरी मदद करेंगे। स्कूल के संचालक पंडित प्रशांत पालीवाल ने कहा कि देशभक्ति ही सबसे बड़ी भक्ति होती है देश के जवान अपनी जान की चिंता किए बगैर 24 घंटों हमारे लिए काम करते हैं उनके वजह से ही आज हम लोग सुरक्षित हैं। आज हमें वायुसेना दिवस मनाते हुए गर्व महसूस हो रहा है आने वाले भविष्य में यहां से भी कई लोग वायु सेना में शामिल हो सकते हैं । इसके लिए युवा तैयारी करें। वहीं एडवोकेट रमेश चंद्र श्रीवास्तव ,समाजसेवी एवं भाजपा नेता अशोक जैन खर्चा , पत्रकार मुकेश रघुवंशी ने भी अपने विचार व्यक्त किया आभार स्कूल की प्राचार्य मेघराज शर्मा ने व्यक्त किया। इस दौरान स्कूल का स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद थी।

**नगरीय क्षेत्र की चारों तरफ की सड़कों पर आवारा मवेशि**

# सड़कों से मवेशी हटाने का नहीं हो रहा है काम, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगरीय क्षेत्र की चारों तरफ की सड़कों पर आवारा मवेशियों के कारण दो पहिया वाहन चलाना भी मुश्किल हो रहा है अधिकारीयों जनप्रतिनिधियों के वाहन भी इनके कारण कई बार नहीं निकाल पाते हैं। फिर भी सब आंखें बंद करके तमाशा देख रहे हैं।



मवेशियों के झुंड के झुंड चौराहा पर एकत्रित होकर बैठे रहते हैं। रात्रि में तो यहां से निकलना मुश्किल हो जाता है कई बार दुर्घटनाएं घटित हो चुकी है मवेशी के साथ आम आदमी भी घायल हो रहे हैं। दूसरी ओर पिछले दिनों एसडीएम ने अस्थाई रूप से लटेरी रोड में पुरानी डिपो पर गौशाला का निर्माण करवाया गया पर उसमें मवेशियों को रखने का काम नगर पालिका प्रशासन नहीं कर रही है। इस वजह से सड़कों पर से मवेशियों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है नाम मात्र के ही मवेशियों को इस अस्थाई गौशाला में रखने का कार्य किया जा रहा है ।सड़कों से आवारा मवेशियों को हटाने के लिए धरातल पर नगर पालिका प्रशासन के द्वारा अभियान चलाकर इस काम को नहीं किया जा रहा है केवल आदेश की खाना पूर्ति करने के लिए इस काम को किया गया इस वजह से मवेशियों से आम जनता को सड़कों से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। इस लापरवाही के कारण किसी दिन बड़ी जनहानि भी इन मवेशियों के करण हो सकती है शायद उसके बाद ही प्रशासन गहरी नींद में से जागेंगे।

**मेट्रो एंकर** — रायसेन स्थित वन परिसर में हुआ मद्य निषेध सप्ताह का समापन कार्यक्रम

# नशा परिवार और समाज के लिए अभिशाप है सभी मिलकर नशामुक्त समाज का निर्माण करें

**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**

जिले में 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर तक मनाए गए मद्य निषेध सप्ताह के रायसेन स्थित वन परिसर में आयोजित समापन कार्यक्रम का विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा तथा कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के जीवन व स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है बल्कि यह परिवार, समाज और देश के लिए भी एक अभिशाप है। नशे की वजह से अनेक परिवारों को आर्थिक, सामाजिक और भावनात्मक स्तर पर बहुत सी कठिनाइयों को झेलना पड़ता है।




विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि नशा शरीर को ही नहीं, समाज को भी खोखला करता है। नशे की लत से युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। इसकी रोकथाम बेहद जरूरी है। नशे के सेवन से मनुष्य की सोचने समझने की क्षमता समाप्त हो जाती है और कई बार वह अपराध की ओर अग्रसर हो जाता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर नशामुक्त समाज का निर्माण करना है। उपस्थित बच्चों से विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि बच्चों की बात माता-पिता, परिवार के अन्य सदस्य नही टालते हैं। यदि परिवार में कोई सदस्य नशीले पदार्थो का सेवन करता है तो उन्हें नशा नहीं करने की समझाईश दें। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा ने कहा कि नशीले पदार्थो का सेवन मनुष्य के लिए सबसे बड़ा अभिशाप है। नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचने के साथ ही सामाजिक प्रतिष्ठा भी धूमिल होती है। उन्होंने कहा कि नशा कई गंभीर बीमारियों का कारण बनता है। साथ ही नशा करने से सोचने-समझने की शक्ति भी कम हो जाती है। नशे से व्यक्ति केवल रोगी ही नहीं बनता बल्कि समाज में अनेक विकृतियों को जन्म देता है। नशा व्यक्ति को दिग्भ्रमित कर देता है तथा व्यक्ति की सोचने-समझने की शक्ति नष्ट कर देता है। कलेक्टर श्री अरविंद दुबे ने कहा कि जिले में 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर तक मनाए गए मद्य निषेध सप्ताह के तहत सम्पूर्ण जिले में नशामुक्ति संबंधी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को नशीले पदार्थो का सेवन नहीं करने के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि नशा एक सामजिक कुरीति है। सभी को मिलकर नशामुक्त समाज का निर्माण करना है। इसके लिए नागरिकों को नशे के सेवन से होने वाले नुकसान, दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिवार, देश और समाज को नशामुक्त करने के लिए सभी लोगों को मद्यपान, नशीले पदार्थो का सेवन नहीं करने का संकल्प लेना चाहिए। इसके साथ ही अपने आसपास सभी लोगों को भी नशा नहीं करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया तथा समाजसेवी श्री राकेश शर्मा ने भी नशामुक्ति विषय पर संबोधित किया। सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक श्री मनोज बॉथम द्वारा मद्य निषेध सप्ताह आयोजन तथा जिले में नशामुक्ति हेतु संचालित की रहीं गतिविधियों के बारे में बताया गया।

## महामाई मैया के दरबार की महाआरती में उमड़ रहे श्रद्धालु





**सिरोंज।** शारदीय नवरात्र मेंक्षेत्र की आराध्य देवी मां महामाई के दरबार में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। यहां प्रतिदिन रात्रि आठ बजे होने वाली संगीतमय आरती में महिला पुरुषों की संख्या में भीड़ दिखाई दे रही है। महामाई माता मंदिर शहर के प्रचीन मंदिरो मे से एक माना जाता है मंदिर में विराजमान देवी के तीन रूपों में भक्तो को दर्शन प्रदान करती है जिसमे मां महालक्ष्मी, मां महासरस्वती, एवं महाशक्ति के रूप में विराजमान है। मैया के उत्सव को लेकर मंदिर समिति द्वारा भी रंगीन लाइट एवं आकर्षक सजावट के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्था की गई है। महामाई दरबार पर बड़ी संख्या में दूर-दूर से भक्तगण सुबह से लेकर शाम तक दर्शनो के लिये पहुंच रहें शारदीय नवरात्रि महोत्सव आस्था और भक्ति के रूप में जाना जाता है महामाई मंदिर पर शहर सहित आस पास के ग्रामीणो की आस्था का केन्द्र बना हुआ है वही महामाई मंदिर पर शाम को रात्रि आठ बजें महाआरती एवं महाप्रसादी का वितरण भी किया जाता है ।

**दोपहर मे होता है श्री चमुण्डा दुर्गा महायज्ञ:** महामाई माता के दरबार मे परपरां अनुसार शारदीय नवरात्रि महोत्सव श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जाता है मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित नलिनीकांत शर्मा के मार्गदर्शन में मैया के दरबार में परंपरागत रूप से क्षेत्र की सुख समृद्धि एवं जनकल्याण के लिए होने वाले श्री चमुण्डा दुर्गा महायज्ञ में यजमानों द्वारा आहुतियां प्रदान की जा रही हैं। मंदिर पर मैया के दर्शनों के लिए पहुंचने वाले भक्तगण दर्शनों के उपरांत भवन के नीचे प्रांगण में बनी यज्ञ वेदी की परिक्रमा करके धर्मलाभ प्राप्त करती हैं।

# इंडिया-बांग्लादेश का दूसरा टी-20 नईदिल्ली में आज

**नईदिल्ली. एजेंसी**

भारत और बांग्लादेश के बीच टी-20 सीरीज का दूसरा मैच आज दिल्ली में खेला जाएगा। मुकाबला शाम 7 बजे से अरुण जेटली स्टेडियम में शुरू होगा। ग्वालियर में पहला मैच जीतकर भारत सीरीज में 1-0 से आगे है। आज का मैच जीतकर टीम इंडिया सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना लेगी। बांग्लादेश को देखते हुए टीम इंडिया आज कुछ एक्सपेरिमेंट्स कर सकती है। पहले टी-20 में हर्षित राणा और रवि बिश्नोई को मौका नहीं मिला, दोनों आज प्लेइंग-11 का हिस्सा बन सकते हैं। दिल्ली में ही बांग्लादेश से इकलौता मैच हारा है भारत भारत और बांग्लादेश के बीच अब तक टी-20 इंटरनेशनल में 15 मैच खेले गए। 14 में भारत और महज एक में बांग्लादेश को जीत मिली। यह जीत 2019 में दिल्ली के मैदान पर ही आई थी, आज का मैच भी दिल्ली में ही खेला जाएगा। इसके अलावा भारत ने सभी मुकाबलों में बांग्लादेश को हराया। हर्षित और बिश्नोई को मौका दे सकता है भारत बांग्लादेश को देखते हुए टीम इंडिया दूसरे टी-20 में कुछ एक्सपेरिमेंट्स कर सकती है। ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर की जगह रवि बिश्नोई और इन फॉर्म अर्शदीप सिंह या मयंक यादव की जगह हर्षित राणा को डेब्यू कैप दी जा सकती है। सूर्या इस साल टॉप रन स्कोरर भारत के लिए इस साल पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं, लेकिन वे इस फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं। उनके बाद सूर्यकुमार यादव ने 2024 में भारत से सबसे ज्यादा रन बनाए। उनके नाम 12 मैच में 320 रन हैं। सूर्या ने पहले मुकाबले में भी 29 रन की पारी खेली थी। उन्हें संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और हार्दिक पंड्या का भी भरपूर साथ मिला था। गेंदबाजों में अर्शदीप सिंह ही टॉप विकेट टेकर बने हुए हैं। उन्होंने पहले मुकाबले में भी महज 14 रन देकर 3 विकेट लिए थे, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला था। अर्शदीप इस साल 13 मैचों में 27 विकेट ले चुके हैं। बांग्लादेश से हृदॉय टॉप स्कोरर बांग्लादेश के लिए 2024 में तौहिद हृदॉय ने सबसे ज्यादा 428 रन बनाए हैं। हालांकि, पहले मैच में वे 18 गेंद पर 12 ही रन बना सके थे। टीम के लिए लेग स्पिनर रिशाद हुसैन ने सबसे ज्यादा 26 विकेट लिए हैं। हालांकि, वे पहले मैच में कोई विकेट नहीं ले सके थे। मेहदी हसन मिराज दूसरे मुकाबले में भी बांग्लादेश के अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। दिल्ली में अब तक 7 टी-20 खेले गए हैं, पहले बैटिंग करने वाली टीम ने 3 और चेज करने वाली टीम ने 4 मैच जीते।





## इंडिया को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए बड़ी जीत चाहिए

# विमेंस टी-20 वर्ल्ड कपः भारत और श्रीलंका के बीच मैच आज

**नईदिल्ली. एजेंसी**

विमेंस टीम इंडिया के लिए विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल की रेस में बने रहने के लिए मुश्किल स्थिति बन गई है। टीम अपने तीसरे मुकाबले में आज श्रीलंका से भिड़ेगी। भारत को सेमीफाइनल में पहुंचना है तो उसे अपने बाकी बचे दोनों ग्रुप मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे। टीम श्रीलंका के बाद 13 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। भारत विमेंस टी-20 क्रिकेट में ऐसे तो श्रीलंका को डॉमिनेट किया है। लेकिन, श्रीलंका इसी साल जुलाई में विमेंस टी-20 एशिया कप के फाइनल में भारत को 8 विकेट से हराकर खिताब जीता था। ऐसे में भारतीय टीम को सतर्क रहना होगा। टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय विमेंस टीम श्रीलंका पर हावी रही है। वर्ल्ड कप में दोनों के बीच अब तक 5 मैच खेले गए हैं। इसमें भारत ने 4 और श्रीलंका ने 1 मैच जीता है।

### दोनों टीमों के इंटरेस्टिंग फैक्ट्स व रिकॉर्ड्स से पहले डिटेल्स





दोनों ग्रुप की टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल में एंट्री करेंगी विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में 10 ही टीमें हिस्सा ले रही हैं। 5-5 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा गया है। भारतीय टीम ग्रुप-ए में है। भारत के अलावा इस ग्रुप में न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और श्रीलंका हैं। एक टीम ग्रुप स्टेज में 4 मैच खेलेगी। ग्रुप स्टेज खत्म होने के बाद पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रहने वाली 2-2 टीमें सेमीफाइनल में एंट्री करेंगी। मैच की अहमियत दोनों टीमों का इस वर्ल्ड कप में तीसरा मैच होगा। भारत को पहले मैच में न्यूजीलैंड से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं टीम ने दूसरे मैच में राइवल पाकिस्तान को हराया था। दूसरी ओर, श्रीलंका अपने दोनों मैच हारकर ग्रुप-ए के पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे 5वें नंबर पर है। भारत के लिए यह मैच काफी अहम होगा। क्योंकि इस ग्रुप से टॉप-2 टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी, ऐसे में भारतीय टीम यह मैच बड़े अंतर से जीतकर रेस में बने रहना चाहेगी। भारत चौथे स्थान पर है। श्रीलंका पर हावी भारत भारतीय विमेंस टीम टी-20 क्रिकेट में श्रीलंका पर हावी रही है। दोनों के बीच 2009 से अब तक 25 मैच खेले गए हैं। इसमें भारत को 19 और श्रीलंका को 5 मैचों में जीत मिली। जबकि 1 मैच बेनतीजा रहा। दोनों के बीच आखिरी टी-20 मुकाबला इसी साल जुलाई में एशिया कप का फाइनल खेला गया था। जिसमें श्रीलंका को 8 विकेट से जीत मिली थी। हरमनप्रीत कौर टॉप स्कोरर भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत कौर टॉप स्कोरर हैं। हरमनप्रीत पिछले मैच में 29 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गई थीं। बॉलिंग में अरुंधति रेड्डी टॉप पर हैं। स्मृति मंधाना इस साल 514 रन के साथ टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली भारतीय बैटर हैं, लेकिन न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ उनका बल्ला नहीं चला।

# 7 साल बाद वापसी : 2005 में भारत बना था विजेता हांगकांग सिक्सेस में हिस्सा लेगी भारतीय टीम



**नई दिल्ली. एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम सात साल बाद वापसी कर रहे हांगकांग सिक्सेस टूर्नामेंट में शिरकत करेगी। क्रिकेट हांगकांग ने सोमवार को सोशल मीडिया पर इसकी पुष्टि की। 1 से 3 नवंबर तक होने वाले इस सिक्स ए साइड टूर्नामेंट में भारत के अलावा बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, हांगकांग, नेपाल, न्यूजीलैंड, ओमान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, पाकिस्तान व संयुक्त अरब अमीरात की टीमें शिरकत करेंगी। आइसीसी से मान्यता प्राप्त यह टूर्नामेंट 1992 में शुरू हुआ और 2017 में अंतिम बार खेला गया था। भारतीय टीम 2005 में एकमात्र बार इसमें चैंपियन बनी थी। इंग्लैंड ने सर्वाधिक 5 बार इस टूर्नामेंट में जीत दर्ज की है। इसमें सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी जैसे दिग्गज भी खेल चुके हैं। **ये हैं नियमः** विकेटकीपर को छोड़ कर हर खिलाड़ी को एक ओवर करना होता है। फाइनल मैच में एक ओवर में 8 गेंद होती है, जबकि अन्य में 6 गेंद प्रत्येक टीम को 5-5 ओवर डालने होते हैं।

## स्पेनिश ला लीगाः लेवांदोवस्की ने 25 मिनट में दागी हैट्रिक

**विटोरिया गास्टीज (स्पेन). एजेंसी**

पोलैंड के स्टार खिलाड़ी रॉबर्ट लेवांदोवस्की ने मैच के पहले हाफ में 25 मिनट के अंतराल में तीन गोल कर बार्सिलोना को शानदार जीत दिला दी। लेवांदोवस्की की हैट्रिक से बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग में डेपोर्टिवो अल्वेस को 3-0 से हरा दिया। लेवांदोवस्की ने मैच के 7वें, 22वें और 32वें मिनट में गोल दागे।

## विश्व चैंपियनशिपः 50 मीटर पिस्टल में भारत बना चैंपियन

**नई दिल्ली. एजेंसी**

दीपक दलाल (545), कमलजीत (543) और राज चंद्रा (528) की भारतीय टीम ने विश्व जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप के अंतिम दिन पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारत ने अजरबैजान को एक अंक से हराकर कुल 1616 अंकों के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। आर्मेनिया की टीम तीसरे स्थान पर रहा।

### नित्य समेत चार बल्लेबाजों के अर्धशतक से भारत 300 पार

## दूसरा यूथ टेस्टः ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 पर दबदबा कायम




**चेन्नई. एजेंसी**

नित्य पांड्या (94), केपी कार्तिकेय (71), कप्तान सोहम पटवर्धन (नाबाद 61) और निखिल कुमार (61) की शानदार पारियों से भारतीय अंडर-19 टीम ने दूसरे यूथ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दिन स्टंप्स तक 5 विकेट खोकर 316 रन बना लिए। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के नित्य शतक से चूक गए। उन्होंने 135 गेंदों में 12 चौकों से 94 रन बनाए। नित्य और कार्तिकेय ने दूसरे विकेट की साझेदारी में 172 रन जोड़े। स्टंप्स के समय सोहम और हरवंश क्रीज पर थे।



## मेट्रो बाजार

# अक्टूबर में कार शोरूमों में ग्राहकों की आमद 4 गुना बढ़ी, बढ़ेगी बिक्री!



**नई दिल्ली. एजेंसी**

पितृपक्ष के साथ देश के कई इलाकों में भारी वर्षा और बाढ़ के कारण सितंबर में वाहनों की बिक्री में सालाना आधार पर 9.26 फीसदी की गिरावट आई। उद्योग संगठन फाडा ने अपनी रिपोर्ट में कहा, सितंबर में गणेश चतुर्थी और ओणम के बाद भी वाहनों की बिक्री में इजाफा देखने को नहीं मिला। देशभर में कुल 17,23,330 वाहनों बिके, जो अगस्त में 18,91,499 यूनिट बिके थे। पिछले महीने कार से लेकर दोपहिया वाहनों तक की बिक्री में गिरावट आई। अब दिवाली और धनतेरस पर कार-बाइक सहित ऑटो मोबाइल कंपनियों को बिक्री में जबरदस्त बिक्री होने की उम्मीद है। वाहन डीलरों के संगठन फाडा के अध्यक्ष सीएस विघ्नेश्वर ने कहा, इस साल चुनावों और फिर प्रचंड गर्मी तथा मॉनसून के दौरान कुछ इलाकों में बाढ़ के कारण यात्री वाहनों की बिक्री प्रभावित हुई है। ऐसे में उस दौरान जिन ग्राहकों ने खरीद की योजना टाल दी थी वह भी अब वाहन खरीदने आ रहे हैं। वहीं, मारुति सुजूकी इंडिया के पार्थ बनर्जी ने कहा, अगस्त और सितंबर की तुलना में ग्राहकों की ओर से पूछताछ और बुकिंग बढ़ी है। वाहनों की रिटेल बिक्री में अभी तक 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा, नवरात्र शुरू होते ही खुदरा बिक्री में तेजी दिखने लगी है। अक्टूबर के पहले हफ्ते में कार शोरूमों में ग्राहकों की आमद 4 गुना बढ़ गई। कार डीलरों ने कहा, पिछले 2-3 महीनों की तुलना में ग्राहकों की ओर से पूछताछ और बुकिंग 3-4 गुना बढ़ गई है। वाहन निर्माताओं का कहना है, इस साल त्योहारी सीजन बेहतर रह सकता है और बिक्री 10 फीसदी बढ़ सकती है।

## सोने का नया रेकॉर्डः कीमतें और बढ़ने के आसार

**नई दिल्ली. एजेंसी**

देशभर के अधिकांश सर्राफा बाजारों में गोल्ड की कीमतें में गिरावट आई, लेकिन अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, नई दिल्ली में सोने की कीमत 78,700 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गई, त्योहारी सीजन में जौहरियों की ओर से लगातार गोल्ड की अच्छी डिमांड देखी जा रही है। साथ ही, विदेशी बाजारों में भी गोल्ड में निवेशक गोल्ड पर काफी बुलिश हैं। इसी के चलते सोमवार को सोने की कीमत बढ़ रही है। गोल्ड इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि सोने की कीमतों में आने वाले वक्त में भी तेजी रहने के आसार हैं। यही वजह है कि कई लोग स्टॉक जमा कर रहे हैं। साथ ही खुदरा विक्रेताओं की ओर से अच्छी डिमांड देखने को मिल रही है। शेयर बाजारों में गिरावट ने भी सोने की कीमतों को हवा दी है। हालांकि कॉमेक्स पर सोना स्थिर रहा, क्योंकि पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव से फेडरल रिजर्व की ओर से दरों में आक्रामक कटौती की उम्मीदें कम हो गई हैं। इससे सुरक्षित निवेश की मांग प्रभावित हो रही है।



अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रति औंस सोना 2670 डॉलर के आसपास है। अमरीका में बेरोजगारी दर घटने से भी ग्लोबल बाजार में गोल्ड की रफ्तार कुछ थमी है।

## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

# आलिया बोलीं- 'फिल्मों का सामान्य विषय होता है, किसी करीबी के लिए कुछ करना'



आलिया भट्ट अपनी फिल्म जिगरा को लेकर काफी चर्चा में चल रही हैं। इस फिल्म में अभिनेत्री वेदांग रैना के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने वाली हैं। फिल्म के ट्रेलर ने दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है। फिल्म में आलिया को एक्शन करते देखने फैंस उत्साहित हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने के बाद लोगों ने इसकी तुलना एनिमल से करनी शुरू कर दी है। 'जिगरा' का ट्रेलर रिलीज होने के बाद नेटिजंस ने फिल्म की रणबीर कपूर की एनिमल के बीच तुलना करना शुरू कर दिया।

### मेरे पति सबसे अच्छे दोस्त...

आलिया ने कहा, मैं यह नहीं कहूंगी कि हमारे बीच कोई कॉम्पिटिशन है। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं कि मेरे पति मेरे सबसे अच्छे दोस्त और एक बेहतरीन अभिनेता भी हैं। हम अक्सर एक-दूसरे के साथ अपनी फिल्मों और सीन्स पर चर्चा करते हैं। जब भी मुझे कोई उलझन होती, मैं उनके साथ इस पर चर्चा करती और उन्होंने एनिमल के लिए भी मेरे साथ ऐसा ही किया।

### दोनों के बीच समानताएं नहीं

अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपनी फिल्म 'जिगरा' और रणबीर कपूर की 'एनिमल' के बीच तुलना के बारे में बताते हुए कहा दोनों के बीच बहुत अधिक समानताएं नहीं हैं। उन्होंने बताया कि दोनों फिल्में अपने किसी करीबी के लिए कुछ करने की थीम पर है। हालांकि, अभिनेत्री का मानना है कि यह कई फिल्मों में एक नॉर्मल फैक्ट है। आलिया ने कहा, यह केवल 'एनिमल' या 'जिगरा' के बारे में नहीं है।



# इमरान हाशमी को शूटिंग के दौरान लगी गंभीर चोट


इमरान हाशमी को तेलुगु फिल्म गुडाचारी-2 की शूटिंग के दौरान गंभीर चोट आई है। खबर है कि एक्टर अपने स्टंट खुद से कर रहे थे, जिस कारण उनके गले में चोट लग गई। इसकी तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। हमरान हाशमी की इस तस्वीर को देखने के बाद एक्टर के फैंस काफी उदास हो गए। एक ने लिखा, 'जल्दी ठीक हो जाओ', दूसरे ने लिखा, 'मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं की आप जल्द ही ठीक हो जाओ।

### 'गुडाचारी' के दूसरे पार्ट में नजर आएंगे

बता दें, इमरान हाशमी बॉलीवुड के बाद अब साउथ की फिल्मों में अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार हैं। जल्द ही एक्टर साउथ की सुपरहिट फिल्म गुडाचारी के दूसरे पार्ट में नजर आएंगे। जबकि इससे पहले वो सलमान खान और कटरीना कैफ की फिल्म टाइगर 3 में नजर आ चुके हैं। जिसमें उन्होंने विलेन का रोल प्ले किया था।

### ©·एक्ट्रेस की खूबसूरती और आवाज के थे फैन

# दीपिका की आवाज के मुरीद हुए थे भंसाली 'लीला' के रोल के लिए चुना



भंसाली ने कहा कि जब वह दीपिका पादुकोण के घर गए और जब दीपिका ने उनके लिए दरवाजा खोला तो वह चौंक गए थे। उन्होंने कहा कि वह दीपिका की खूबसूरती के साथ-साथ उनकी आवाज के भी फैन हो गए थे। बॉलीवुड के दिग्गज निर्देशक संजय लीला भंसाली जब भी कोई फिल्म बनाते हैं तो वह फिल्म लार्जर दैन लाइफ ही होती है। उनकी फिल्में अपनी भव्यता के लिए मशहूर हैं। अब हाल ही में, फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली ने अभिनेत्री दीपिका पादुकोण से पहली बार मिलने पर अपनी प्रतिक्रिया के बारे में बताया है।

### दीपिका की खासियत के फैन थे भंसाली

भंसाली ने कहा कि जब वह दीपिका पादुकोण के घर गए और जब दीपिका ने उनके लिए दरवाजा खोला तो वह चौंक गए थे। उन्होंने कहा कि वह दीपिका की खूबसूरती के साथ-साथ उनकी आवाज के भी फैन हो गए थे। संजय लीला भंसाली ने कहा, 卐जब मैं पहली बार दीपिका से मिला और उनके घर गया, तो उन्होंने दरवाजा खोला।

### पहली नजर में ही पसंद आ गई थीं दीपिका

भंसाली ने आगे कहा, मैं दीपिका की खूबसूरती, उनकी आंखों को देखकर दंग रह गया, जब मुझे एहसास हुआ कि उनमें कितनी मासूमियत, कितनी नाजुकता, कितनी सुंदरता है। तभी उन्होंने बात करना शुरू किया, और मुझे एहसास हुआ कि उनकी आवाज बहुत खूबसूरत है।

# डीसीपी ने अपराध से बचने वालेंटियर्स को किया जागरुक



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सायबर क्राइम की रोकथाम के लिए भोपाल पुलिस सायबर वालेंटीर्यस तैयार कर रही है। इसमें भोपाल और वेल्लोर की एक इंस्टीट्यूट के छात्र-छात्राओं से लेकर समाज के हर वर्ग को लोगों को शामिल गया है। यह वालेंटीयर्स विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सायबर क्राइम से बचने के लिए जागरूक करेंगे। सायबर क्राइम जिला भोपाल द्वारा नेशनल सायबर क्राइम पोर्टल पर रजिस्टर्ड सायबर वॉलेंटीयर्स का पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागृह में प्रथम प्रशिक्षण एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमें सायबर क्राइम उपायुक्त अखिल पटेल ने संवाद किया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में सायबर वालेंटीयर्स के अतिरिक्त सायबर विषय में रुचि रखने वाले महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं एवं वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलाजी के 40 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत सायबर क्राइम की रोकथाम एवं बचाव संबंधी तरीकों पर संवाद किया गया तथा सायबर वॉलेंटीयर्स द्वारा सायबर अपराधों की रोकथाम हेतु हरसंभव सहयोग करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त अपराध अखिल पटेल द्वारा वालेंटीयर्स से संवाद के दौरान वर्तमान में प्रचलित विभन्न प्रकार के सायबर फ्राड एवं उनके बचाव को लेकर किस प्रकार से सावधानियां बरतना है, इसके बारे में जानकारी दी गयी।

साथ ही सायबर वॉलेंटीयर्स से लोगों को जागरूक करने एवं सायबर अपराधों के बचाव के तरीको को अपने आस-पास के लोगों तक पहुंचाने का आव्हान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सायबर विशेषज्ञ कुलदीप द्वारा सायबर जागरूकता पर एक प्रजेंटेंशन दिया गया जिसमें उन्होंने बताया कि फ्राडस्टर किस प्रकार हमें जाल में फसाते है एवं उनसे बचने के लिये किस प्रकार की सावधानियां बरतनी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कई तकनीकी रूप से दक्ष सायबर वालेंटीयर्स जो सायबर सिक्योरिटी एवं सायबर फोरेन्सिक विषयों पर काफी समय से कार्य कर रहे हैं, उनके द्वारा नेशनल सायबर क्राइम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया है।

## गोदाम से बड़ौदा जाता था सामान

# फैक्ट्री के बाद अब गोदाम में मिला माल, 200 करोड़ का एमडी ड्रग्स

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में बगरौदा औद्योगिक क्षेत्र की बंद पड़ी फैक्ट्री पर गुजरात एटीएस और एनसीबी की छापेमारी कर 1,814 करोड़ रुपये की एमडी ड्रग पकड़े जाने के मामले में अब भोपाल पुलिस ने भी कार्रवाई की। ड्रग फैक्ट्री से जुड़ी एक गोदाम का मंगलवार को ताला तोड़ा गया। बता दें कि एसीपी मिसरोद के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में दुकान में केमिकल के भरे हुए ड्रम समेत कई संदिग्ध चीजें पाई गईं। दुकान में केमिकल स्टोर कर रखा था। इस केमिकल का ही इस्तेमाल एमडी ड्रग बनाने में किया जाता है। बाजार में इस रॉ-मैटेरियल की कीमत करीब 30 लाख रुपये है। माल तैयार होने पर कीमत 200 से 300 करोड़ होती है।

**पूरे औद्योगिक क्षेत्र की होगी जांच**

बगरौदा के इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ने पुलिस को सहयोग का आश्वासन दिया है। वहां कौन-क्या काम कर रहे हैं, कौन से शेड बंद हैं, उसमें क्या हो रहा है। यह सब बताने की उन्होंने खुद से पहल की है। मैं सबसे अपील करना चाहूंगा कि अपने किराएदार सोच-समझ कर रखें। अगर उनकी गतिविधियां संदिग्ध लगे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। साथ ही आप खुद भी नजर रखे आपकी प्रॉपर्टी पर क्या हो रहा है।



**गोदाम से मिली यह सामग्री**

- 50 किग्रा लाइट सोडा ऐश
- 10 किग्रा क्रिस्टल दानेदार पाउडर
- 200 किग्रा सोडियम कार्बोनेट पाउडर
- 240 लीटर सॉल्वेंट
- 40 किग्रा सोडियम कार्बो
- 42 बॉटल ब्रोमिन
- 20 लीटर द्रव्य
- 50 किग्रा मैथलामिन हाइड्रोक्लोरिड
- 10 लीटर अन्य द्रव्य
- 1600 लीटर एसीटोन
- 1000 लीटर टोलविन
- 100 लीटर एचसीएल

एनसीबी की रेड के दौरान गिरफ्तार आरोपी अमित चतुर्वेदी ने यह गोदाम रापड़िया निवासी विष्णु पाटीदार से किराए पर ली थी। जो शुभम वेयर हाउस के सामने गणेश मार्केट रापड़िया चौराहे पर है। यहां अमित देर रात कुछ सामान गाड़ी से बगरौदा फैक्ट्री ले जाया करता था। पुलिस ने बताया कि सोमवार देर रात एक मुखबिर सूचना प्राप्त हुई थी कि रापड़िया चौराहे पर एक दुकान में रखा सामान आसपास के दुकानदारों और लोगों को संदिग्ध लग रहा है। यह सामान समय-समय पर ट्रांसपोर्ट से आता-जाता है। इसके बाद एसपी मिसरोद की टीम ने मंगलवार सुबह दुकान मालिक का पता किया। जांच पाया गया कि पांच अक्तूबर को एनसीपी ने अमित चतुर्वेदी के खिलाफ जो कार्रवाई की थी। यह उसी का रॉ-मैटेरियल है। जब जरूरत होती थी तो यहीं से सामान बड़ौदा की तरफ ले जाता था।

**फैक्ट्री मालिक पर कार्रवाई कर जेल भेजा**

जानकारी के अनुसार, फैक्ट्री मालिक एसके सिंह पर कार्रवाई कर उसे जेल भेजा गया है। इस कंपनी को एसके सिंह ने जयदीप सिंह से खरीदी थी। उसके खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी ने बताया कि मकान मालिक ने भी सूचना नहीं दी, उसके खिलाफ भी कार्रवाई होगी। विष्णु पाटीदार के खिलाफ भी मामला दर्ज हुआ है।

## मंत्रालय के कर्मचारी की बेटी ने फांसी लगाकर दी जान



**भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित शिवाजी नगर में पांच नंबर स्टाफ के पास मंगलवार शाम वल्लभ भवन के कर्मचारी की बेटी ने फांसी लगा ली। नजर पढ़ते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर पारुल अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस ने मृतिका का कमरा सील कर दिया है। आज पीएम के बाद पुलिस कमरे का निरीक्षण करेगी। पुलिस के अनुसार एसआर स्वामी जी टाइप क्वार्टर, शिवाजी नगर, पांच नंबर स्टाफ पर रहते हैं। वे वल्लभ भवन में नौकरी करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि मंगलवार शाम वह मार्केट गए थे। उनका छोटा बेटा पास ही झांकी पर था। घर में उनकी पत्नी और 25 साल की बेटी निशिता अकेली थी। पत्नी किचन में काम कर रही थी और निशिता अंदर वाले कमरे में थी। करीब सात बजे पत्नी किचन से अंदर वाले कमरे में पहुंची तो उन्होंने निशिता को दुपट्टे के फंदे के सहारे सिलिंग फैन पर लटका देखा था। उन्होंने शोर मचाया तो पडोसी घर पहुंच गए थे। उन्होंने निशिता को फंदे से उतारा और पति को मोबाइल पर बताया। सामने मार्केट से एसआर स्वामी घर पहुंचे और निशिता को अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने बताया कि निशिता की मौत हो चुकी है। निशिता ने बीएसएस से पीजी कर ली थी और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी।

# मवेशी से टकराकर बाइक सवार की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



गांधी नगर थाना क्षेत्र में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात बाइ सवार युवक सड़क पर आए मवेशी से टकराकर गिर गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन उसका शव बैतूल ले गए। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार आदर्श उर्फ आदेश्वर पिता रामदयाल (26) बैंक कॉलोनी, अशोका गार्डन में रहता था। मूलतः बैतूल निवासी आदर्श यहां प्राइवेट काम कर रहा था। मंगलवार रात वह गांधी नगर में किसी ढाबे से लौट रहा था, तभी उसकी बाइक रास्ते में एक कुत्ते से टकरा गई। बाइक स्पीड में थी और टकराने के बाद आदर्श बाइक समेत सड़क पर गिर गया था। उसे गंभीर चोट थी।

# राजधानी के चेतक ब्रिज की सीढ़ियों पर रात में अंधेरा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के चेतक ब्रिज पर चढ़ने-उतरे के लिये बनी सीढ़ियों पर रात के समय अंधेरे में लाइट की व्यवस्था नहीं होने के मामले में संज्ञान लिया है। आयोग के संज्ञान में आया है कि सीढ़ियों के पास रोशनी की व्यवस्था नहीं होने के कारण सीढ़ियों से आवाजाही करने वाले लोगों को अपने साथ लूटपाट एवं अन्य घटनाएं होने का भय बना हुआ है। मामले में मानव अधिकार आयोग ने नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है। महिला का आपत्तिजनक वीडियो बनायाः भोपाल शहर के मिसरोद इलाके में घर की पुताई करने के दौरान एक पेंटर द्वारा महिला का नहाते हुए आपत्तिजनक वीडियो बनाकर महिला को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर महिला के साथ दुराचार करने की घटना सामने आया है। साथ ही आरोपित पेंटर ने महिला के जेवर भी हड़प लिये। मामले में आयोग ने पुलिस कमिश्नर, भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन 15 दिनों में मांगा है।

**नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश**



फाइल फोटो

**सीवेज की बदबू से रहवासी परेशान**

वार्ड नंबर 53 स्थित दानिश नगर में रहवासियों के घर से निकले वाले सीवेज के लिये बनाये गये चैंबर को तोड़कर सीवेज का दूषित पानी सीधे नाले में छोड़ा जाने का मामला सामने आया है। इस कारण रहवासियों को सीवेज की बदबू के बीच रहने पर मजबूर होना पढ़ रहा है। इस संबंध में रहवासियों द्वारा नगर निगम में शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है। मामले में आयोग ने आयुक्त, नगर निगम, भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन 15 दिनों में मांगा है।

## चार महीने से बेसुध पड़ा था किशोर, एम्स में मौत

# टायलेट क्लीनर पीने वाले किशोर ने दम तोड़ा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित गाजियापुरा, आनंद नगर इलाके में रहने वाले 16 साल के किशोर की टायलेट क्लीनर पीने से मौत हो गई। गत 19 जून को मां की फटकार से गुस्से में आकर उसने टायलेट क्लीनर पिया था। परिजन उसका निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे। वहां से 12 अगस्त को एम्स में भर्ती कराया गया। एम्स में इलाज के दौरान मंगलवार रात किशोर की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि निखिल साहू पिता शिवनारायण साहू (16) गाजियापुरा, आनंद नगर, पिपलानी में रहता था। वह दसवीं कक्षा का छात्र था। गत 19 जून को उसने टायलेट क्लीनर पी लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे साईं अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां उसका इलाज चल रहा था। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने निखिल के बयान लेने की कोशिश की, लेकिन वह बेहोश था और बयान नहीं दे सका।

**3 बार पहुंची पुलिस पर होश में नहीं मिला निखिल**

पुलिस का कहना है कि निखिल के बयान लेने के लिए वह तीन बार अस्पताल पहुंची थी, लेकिन निखिल को होश नहीं आया। लिहाजा पुलिस ने निखिल के भाई के बयान दर्ज कर लिए। निखिल के भाई ने बताया कि मां ने उसे पढ़ाई न करने पर फटकार लगाई थी। इससे नाराज होकर उसने टायलेट क्लीनर पी लिया। निजी अस्पताल में आराम नहीं लगने के कारण उसे एम्स में भर्ती कराया था। पर एम्स में भी जान नहीं बच सकी।

# जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित चिकलोद रोड पर रहने वाले एक युवक ने जहर खा लिया। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार अरसलान पित मोहम्मद राजा (18) चिकलोद रोड जहांगीराबाद में रहता था। परिजन ने बताया कि मंगलवार दोपहर उसने चूहा मार खा लिया। उल्टियां करने पर परिजन उसे अस्पताल ले गए, वहां इलाज के दौरान शाम को उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि जहर खाने के कारणों का पता नहीं लग सका है। परिजन अभी शोकाकुल है और बयान देने की स्थिति में नहीं है। परिजन के बयान के बाद जहर खाने के कारण स्पष्ट हो सकेंगे। इसी थाना क्षेत्र में बरखेड़ी इलाके में रहने वाली 18 साल की युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सूफिया पिता उबेश (18) बरखेड़ी जहांगीराबाद में रहती थी।




**मेट्रो एंकर**

## पुलिस का गरबा महोत्सव का भव्य शुभारंभ

# पुलिस परिवार की महिलाएं और बच्चों ने जमकर उठाया लुत्फ

**7वीं वाहिनी, 23वीं वाहिनी व 25वीं वाहिनी समेत करीब 1000 से अधिक महिलाओं व बच्चियों ने लिया हिस्सा**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



पुलिस परिवार के मनोरंजन एवं उत्साह के लिए डीजीपी सुधीर सक्सेना ने पहल करते हुए विगत वषार्नुसार इस वर्ष भी पुलिस वेल्फेयर के तत्वाधान में एक भव्य गरबा का आयोजन किया। 8 और 9 अक्टूबर को आयोजित होने वाले इस तृतीय वर्ष के गरबा का आयोजन डीआरपी लाइन क्रिकेट ग्राउंड मे किया जा रहा है।

जिसमें पुलिस परिवार के सद्स्य को आमंत्रित किया गया, जिन्हे विगत 3 सप्ताह से गरबा का प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस महानिदेशक सक्सेना की धर्मपत्नी प्रियंवदा सक्सेना और तत्कालीन पुलिस वेल्फेयर सोसाइटी की संरक्षिका ने विशेष रूप से रुचि दिखाई। उन्होंने सम्पूर्ण गरबा कार्यक्रम की परिकल्पना की और पुलिस लाइन, 23वीं वाहिनी, 7वीं वाहिनीं व 25वी वाहिनी में ट्रेनिंग केम्प आयोजित किए। जिसमे पुलिस परिवार के सदस्यों ने भाग लिया तथा लगभग 1000 महिला, बालिका प्रतिभागियों ने पुलिस लाइन नेहरु नगर मे भव्य गरबा में शिरकत की। भव्य गरबे का शुभारंभ डीजीपी सक्सेना एवं अन्य अधिकारियों द्वारा अम्बे मां की आरती कर किया गया, इसमें पुलिस विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारीगण अपने परिवार के साथ उपस्थित रहे।

**इसलिए गरबा का बढ़ जाता है महत्व**

पुलिस कर्मियों को त्यौहार के दौरान अमूमन ड्यूटी करनी पढ़ती हैं और उनके परिवार उनसे अपेक्षित रह जाते है कि वे सार्वजनिक समारोह मे भाग लें व मनोरंजन वाले कार्यक्रमों मे भाग लेने से वंचित रह जाते है। एक संरक्षक की भूमिका निभाते हुए डीजीपी सक्सेना द्वारा पुलिस परिवारों के लिये ये नवाचार किया गया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022